

रोहतक

गुरुवार 19 मार्च 2026

चैत्र मास शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा वर्ष : 30, अंक : 43

पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

मौसम

अधि. 32.7

न्यून. 12.9

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



चैत्र नवरात्र की मंगलकामनाएं




## खबर संक्षेप

### आदि कैलाश यात्रा एक मई से होगी शुरू

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड में आगामी एक मई को शिव-पार्वती मंदिर के कपाट खुलने के साथ ही आदि कैलाश यात्रा शुरू हो जाएगी। पिथौरागढ़ में 14,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित इस पावन धाम के द्वार खुलना यात्रा के औपचारिक शुभारंभ का प्रतीक है। इसके साथ ही, उच्च हिमालयी क्षेत्रों के सीमांत गांवों में शीतकालीन प्रवास (माइग्रेशन) खत्म कर ग्रामीणों की वापसी का सिलसिला भी शुरू हो जाएगा। कुटी गांव में ग्राम प्रधान नगेंद्र सिंह कुटियाल और पुजारियों की बैठक हुई, जिसमें परंपरा के तहत व्यवस्थाओं पर चर्चा के बाद कपाट खोलने का निर्णय लिया गया। *एजेंसी*

### नोरा के गाने 'सरके चुनर तेरी' पर बैन

नई दिल्ली। फिल्म 'केडी द डेविल' के गाने 'सरके चुनर तेरी' गाने पर बवाल शांत होने का नाम नहीं ले रहा।



गाने में बहुत ही भद्दे लिरिक्स का इस्तेमाल किया गया है जिसको लेकर ये पूरा बवाल मचा हुआ है। केवीएन प्रोडक्शंस द्वारा 14 मार्च को जारी किया गया यह गाना शुरुआत में कई भाषाओं में रिलीज किया गया था। बुधवार को लोकसभा में बोलते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विवादित बॉलीवुड गीत 'सरके चुनर' की कड़ी आलोचना की और खुलासा किया कि इसे बैन कर दिया गया है। *एजेंसी*

## राज्यसभा चुनाव : क्रॉस वोटिंग पर कांग्रेस का एक्शन, नाम बताए

# 4 विधायकों को शोकॉज नोटिस, 7 दिन में मांगा जवाब, 5वें पर सस्पेंस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वाले 4 विधायकों के नाम कांग्रेस ने सार्वजनिक कर दिए हैं। दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रभारी बीके हरिप्रसाद ने बताया कि नारायणगढ़ से शैली चौधरी, पुन्हाना से मोहम्मद इलियास, हथीन से मोहम्मद इजराइल और सढ़ौरा विधायक रेनू बाला ने क्रॉस वोटिंग की थी। पार्टी की डिसिप्लिनरी कमेटी के अध्यक्ष धर्मपाल मलिक ने बताया कि इन सभी विधायकों को कारण बताओ नोटिस भेजा दिया गया, जिसका जवाब 7 दिन के भीतर देना होगा। बता दें कि रेनू बाला और शैली चौधरी सांसद कुमारी सैलजा की करीबी हैं। इन दोनों को टिकट दिलाने में सैलजा की ही भूमिका रही थी। 16 मार्च को वोटिंग के दिन शैली चौधरी विधानसभा के गेट पर सीएम नायब सैनी की टीम से जुड़े तरूण भंडारी के साथ दिखी थीं, जबकि वोटिंग के बाद मोहम्मद इलियास सीएम से मिलने गए थे। इलियास लंबे समय से डायलिसिस पर हैं। वोटिंग के लिए भी दो लोगों का सहारा लेकर पहुंचे थे।

### कांग्रेस बोलीं- एक क्रॉस वोट को लेकर पार्टी के पास कोई सबूत नहीं

### इन पर पहले से था शक

दिलचस्प बात ये है कि नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा खुद उन्हें अपनी गाड़ी में बैठाकर विधानसभा तक पहुंचे थे। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि हुड्डा को पहले से ही उन पर संदेह था। उस दिन हुड्डा की गाड़ी में पंचकूला विधायक चंद्रमोहन बिश्नोई भी थे। रिजल्ट के बाद सामने आया था कि 5 विधायकों की तरफ से क्रॉस वोटिंग की गई। हालांकि, कांग्रेस ने 4 ही नाम बताए।

### विनेश बोलीं- कुछ अपने ही जयचंद

जुलाना से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट ने राज्यसभा चुनाव को लेकर सोशल मीडिया पोस्ट डाली। लिखा- वोट क्रॉस हुई हो या कैंसिल, क्या मंशा दोनों जगह एक जैसी थी, यह पार्टी को डिसाइड करना है। कुछ अपने भी जयचंद हैं। बिना वजह कुछ नहीं होता, इसी सोच के साथ पार्टी को एक्शन लेना चाहिए।





शैली चौधरी | रेनू बाला | मोहम्मद इलियास | मोहम्मद इजराइल

**देवेंद्र कादियान का खुलासा, तीन निर्दलीयों और दो इनेलो वालों ने ही नांदल को खड़ा किया :** निर्दलीय विधायक देवेंद्र कादियान ने तीसरे प्रत्याशी सतीश नांदल को लेकर कहा कि हम सभी निर्दलीयों और इनेलो के दो विधायकों ने मिलकर उनको उठाया था। इनेलो के साथी चौधरी देवीलाल जी का चश्मा लेकर आए थें, जिसको हमने नमन किया, पहले दिन ही हां हो गई थी, लेकिन किस कारण से तालमेल बिगड़ा यह इनेलो के विधायक ही जाने। कादियान ने कहा कि इनेलो के दो साथियों अर्जुन और आदित्य देवीलाल का इंतजार करते रहे लेकिन इन्होंने नोटा वाला काम किया है। कांग्रेस के लोग ही खुद एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं, एक वोट इन लोगों ने बिना वजह भाजपा का वोट कैंसिल करा दिया। प्रत्याशी को खड़ा करने वाले ही अगर धोखा दे गए, खुद आश्वासन देकर खड़ा कर दिया और बाद में धोखा दे दिया।


### हाईकोर्ट जाएंगे सतीश नांदल



राज्यसभा चुनाव हारने के बाद निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल ने कहा कि विधायक भरत सिंह बेनीवाल की वोट को लेकर हाईकोर्ट में चैलेंज करेंगे। भरत सिंह बेनीवाल ने नियमों के अनुसार वोट नहीं डाला। वीडियोग्राफी में साफ नजर आ रहा है, जिसके कारण वह उनकी वोट को चैलेंज करने जा रहे हैं।

### कांग्रेस के अंदर चल रही कलह : रामकिशन

राज्यसभा चुनाव के बाद कांग्रेस से इस्तीफा देने वाले रामकिशन गुर्जर ने बुधवार को खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने हरियाणा कांग्रेस के अंदर चल रही कलह को अपने इस्तीफे की वजह बताया। उन्होंने कहा कि उन्हें काफी दिनों से पार्टी से निकालने की साजिश चल रही थी। कहा कि जो लोग शैली चौधरी पर क्रॉस वोटिंग के आरोप लगा रहे हैं, वे कोई ठोस सबूत पेश करें। गुर्जर ने यहां तक कहा कि जिस परिवार में सदस्य आपस में ही लड़ने लगे, उसका भला नहीं हो सकता और यही स्थिति इस समय कांग्रेस की हो चुकी है। पार्टी में अंदरूनी संघर्ष इतना बढ़ गया है कि कांग्रेस ही कांग्रेस के खिलाफ साजिशों का शिकार हो रही है।



रेवाड़ी

## बदला मौसम, फसलों को नुकसान

# कई जिलों में बारिश और आंधी, रेवाड़ी में गिरे ओले

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

प्रदेश में बुधवार शाम को अचानक मौसम में बदलाव आया। सुबह तेज धूप निकली। दोपहर बाद बादल छाए। शाम को तेज आंधी के बाद बारिश शुरू हो गई। भिवानी, हिसार, सिरसा, नारनौल और महेंद्रगढ़ में तेज तो रोहतक सहित कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। नारनौल में तेज बारिश के चलते सड़कों पर पानी भर गया और बिजली गिरने से 28 बकरियों की मौत हो गई। उधर, मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के अधिकतर इलाकों में अच्छी बारिश हो सकती है। 19 और 20 मार्च को बारिश के साथ कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि का भी अलर्ट जारी किया गया है। पहाड़ों में बर्फबारी के कारण पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है, जिससे मौसम बदला है।

- बिजली गिरने से 28 बकरियों की मौत

### न्यूनतम तापमान गिरा

प्रदेश में न्यूनतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। राज्य का औसत न्यूनतम तापमान कल की तुलना में 1.7 डिग्री सेल्सियस गिरा है, जो सामान्य से 2 डिग्री सेल्सियस कम है। राज्य का सबसे ठंडा स्थान सिरसा रहा, जहां न्यूनतम तापमान गिरकर 10.3 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। हिसार में भी तापमान सामान्य से 4.8 डिग्री सेल्सियस नीचे गिरकर 11.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में आई इस गिरावट से राज्य के अधिकांश हिस्सों में रात और सुबह के समय हल्की ठिठुरन महसूस की गई। पिछले 24 घंटों में राज्य में कहीं भी वर्षा नहीं हुई है।

### किसान बरतें सावधानी

गेहूं की फसल तेज आंधी के साथ हुई बारिश के कारण जमीन पर बिछ गई, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। विशेषज्ञों के अनुसार किसानों को खेतों में जलभराव नहीं होने देना चाहिए। इसके लिए पानी निकासी को मेड़ काटकर रास्ता बनाना चाहिए। कटी हुई फसल को तिरपाल ये ढकें या फिर गोदाम में रखें।

## पति ने दो पत्नियों को तेजधार हथियार से काटा, एक की मौत, दूसरी गंभीर

- पहली पत्नी से बच्चे न होने पर दो मार्च को लाया था दूसरी पत्नी
- घटना को अंजाम देकर आरोपित फरार, पुलिस ने दर्ज किया हत्या का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव बागड़ू कलां में बुधवार सुबह पति ने घरेलू कलह के चलते तेजधार हथियार से हमला कर पहली पत्नी की हत्या कर दी। जबकि नई नवेली दूसरी पत्नी को गंभीर से घायल कर दिया। सुरेश पहली पत्नी से बच्चा नहीं होने से नाराज था। गांव बागडू कलां निवासी सुरेश की पहली पत्नी सुनीता (42) तथा उसकी दूसरी पत्नी सविता (32) बुधवार को अपने मकान में चारपाइयों पर खून से लथपथ मिली। सुनीता की मौत हो चुकी थी, जबकि सविता की सांसें चल रही थी। दोनों पर तेजधार हथियार से बेरहमी से कई वार किए गए थे। खेतीबाड़ी करने वाले सुरेश की पहली शादी लगभग 15 साल पहले गांव सांघी हाल सांपला निवासी सुनीता से हुई थी। शादी के बाद उन्हें कोई बच्चा नही हुआ। गत दो मार्च को सुरेश ने युमनानगर निवासी सविता से मंदिर में विवाह किया था।

## एयरलाइंस के मनमाने चार्ज पर लगाम

### घरेलू उड़ानों में पसंदीदा सीटों के लिए अब नहीं लगेगा पैसा

- 60 प्रतिशत सीटें फ्री में चुन सकेंगे यात्री

**नई दिल्ली (एजेंसी )।** सरकार ने विमानन कंपनियों से घरेलू उड़ानों में 60 प्रतिशत सीट पर यात्रियों से अतिरिक्त शुल्क न लेने को कहा है। इसके अलावा, नागर विमानन मंत्रालय के प्रयासों के तहत यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए विमानन कंपनियों से यह सुनिश्चित करने को भी कहा गया है कि एक ही 'पीएनआर' (पैसेंजर नेम रिकॉर्ड) पर यात्रा करने वाले यात्रियों को उड़ान में साथ बैठाया जाए। डीजीसीए ने विमानन कंपनियों को निर्देश दिया है कि हर उड़ान में कम से कम 60 प्रतिशत सीट बिना अतिरिक्त शुल्क के उपलब्ध कराई जाएं ताकि निष्पक्ष पहुंच सुनिश्चित हो सके।

### कांस्टेबल भर्ती : 3 साल की छूट के साथ आवेदन का एक और मौका

- 19 मार्च 2026 तक कर सकेंगे आवेदन

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा पुलिस में भर्ती होने का सपना देख रहे युवाओं के लिए बड़ी खबर है। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने कांस्टेबल के 5500 पदों पर भर्ती के लिए एप्लीकेशन विंडो एक बार फिर खोल दी है। जो उम्मीदवार पहले आवेदन नहीं कर सके थे या आयु सीमा के कारण पात्र नहीं थे। उनके लिए अब 19 मार्च 2026 तक ऑनलाइन आवेदन करने का सुनहरा अवसर है। राज्य सरकार ने अभ्यर्थियों की मांग स्वीकार करते हुए इस भर्ती में आयु सीमा में तीन साल की छूट प्रदान की जाएगी।

## भारतीयों को अमेरिका से निकालने की नई स्कीम, लाखों का ऑफर, मुफ्त टिकट




गैरकानूनी तरीके से रह रहे भारतीयों को कहा, खुद ही चले जाएं

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका में गैरकानूनी तरीके से रह रहे भारतीयों के लिए ट्रंप सरकार ने एक ऐसी स्कीम निकाली है, जिसने सोशल मीडिया पर बहस छेड़ दी है। अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी विभाग (डीएचएस) ने अपनी 'सेल्फ-डिपोर्टेशन' स्कीम को प्रमोट करने के लिए ताजमहल की फोटो का इस्तेमाल किया है, जिसे लेकर कई लोग इसे भारतीयों का अपमान मान रहे हैं। इस स्कीम में भारतीयों को पैसे भी ऑफर किए जा रहे हैं। यानी जो लोग खुद से अमेरिका छोड़ने के लिए तैयार हो जाएंगे उन्हें कैश प्राइज दिया जाएगा। जो भारतीय बिना वैध दस्तावेजों के अमेरिका में रह रहे हैं, उन्हें वापस घर लौटने के लिए फ्री हवाई टिकट और करीब 2,600 डॉलर यानी लगभग 2.18 लाख रुपये नकद देने का ऑफर है। सरकार का तर्क है कि जबरदस्ती पकड़कर निकालने से बेहतर है कि लोग खुद ही वापस चले जाएं।

## राज्यसभा में गूंजे ठहाके, मजाकिया अंदाज ने सबको लोटपोट कर दिया

# खरगे बोले- देवगौड़ा ने मोहब्बत हमसे, शादी मोदी जी से की देवगौड़ा का जवाब- मेरी जबरन शादी कराई, तलाक लेना पड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राज्यसभा में बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने भाषण के दौरान पूर्व पीएम और जनता दल (सेक्युलर) के अध्यक्ष एचडी देवगौड़ा का जिक्र किया। उन्होंने कहा- मुझे पता नहीं कि उन्हें (देवगौड़ा) क्या हुआ। उन्होंने मोहब्बत हमसे की, लेकिन शादी मोदीजी के साथ की। खरगे की बात सुनकर राज्यसभा में मौजूद सभी लोग ठहाके लगाने लगे। प्रधानमंत्री मोदी भी हंसते हुए नजर आए। खरगे की टिप्पणी पर देवगौड़ा ने देर शाम एक लेटर लिखकर जवाब दिया और बताया जब खरगे सदन में बोल रहे थे, तब वे वहां मौजूद नहीं थे। देवगौड़ा ने आगे लिखा- अगर मैं अपने मित्र खरगे को उसी शादी वाली भाषा में जवाब दूं, तो मैं कहना चाहूंगा कि मैं कांग्रेस के साथ जबरन शादी में था, लेकिन वह एक अपमानजनक रिश्ता था, इसलिए मुझे उनसे तलाक लेना पड़ा।

प्रधानमंत्री मोदी भी हंसते हुए नजर आए



**देवगौड़ा की तारीफ :** प्रधानमंत्री ने राज्यसभा में वरिष्ठ नेताओं के योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने एचडी देवेगौड़ा, मल्लिकार्जुन खरगे और शरद पवार का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवन का एक बड़ा हिस्सा संसदीय सेवा में समर्पित किया है।

### देवगौड़ा सहित 59 सांसदों की राज्यसभा से विदाई

बुधवार को अप्रैल से जुलाई के बीच राज्यसभा से रिटायर हो रहे 59 सांसदों को विदाई दी गई। इनमें पूर्व पीएम एचडी देवगौड़ा, शरद पवार, सभापति हरिवंश, आरपीआई नेता रामदास आठवले शामिल हैं। हालांकि पवार और आठवले राज्यसभा के लिए फिर चुन लिए गए हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने संसद को एक ओपन यूनिवर्सिटी बताया। उन्होंने कहा कि राजनीति में कभी पूर्ण विराम नहीं होता। भविष्य आपका इंतजार कर रहा है। आपका अनुभव हमारे राष्ट्रीय जीवन का स्थायी हिस्सा बना रहेगा।




## खबर संक्षेप



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को संत कबीर कुटीर में प्रदेश भर से आए लोगों की शिकायतें सुनीं और समाधान के निर्देश दिए।

### राज्य में घरेलू गैस की किल्लत नहीं : नागर

**चंडीगढ़।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर ने कहा है कि राज्य में पेट्रोल, डीजल एवं घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य है। नागर ने बताया कि राज्य भर में आयल मार्केटिंग कंपनियों द्वारा पिछले पांच दिनों में 14.2 किलो के कुल 226162 घरेलू गैस सिलेंडरों की सप्लाई की गई है। इस समय राज्य भर में बॉटलिंग प्लांट्स पर एलपीजी गैस सिलेंडर की कुल भंडार संख्या 1139787 है। उन्होंने बताया कि राज्य भर में पिछले तीस दिनों में 19 किलो के कुल 1422 कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई की गई है। इस समय राज्य भर में बॉटलिंग प्लांट्स पर कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कुल भंडार संख्या 190088 है।

### भूपेंद्र हुड्डा ने चुनाव में बड़ा खेल खेला : अभय

**चंडीगढ़।** राज्यसभा चुनाव का नतीजा आने के बाद इनेलो अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर आरोप जड़ते हुए कहा कि हुड्डा ने इस बार राज्यसभा चुनाव में बड़ा खेल खेला है। जिन विधायकों को टिकट दिलवाने में हुड्डा की भूमिका रही, उन्हीं विधायकों ने बीजेपी के पक्ष में वोट किया। इससे एक बात प्रदेश की जनता के सामने साफ हो गई है कि यह बगावत खुद विधायकों की नहीं बल्कि भूपेंद्र हुड्डा की रणनीति का हिस्सा थी। इस बात का वे जल्द खुलासा करेंगे कि कांग्रेस के इन विधायकों को हुड्डा ने ही बागी करवाया है।

### भाजपा-कांग्रेस की मिलीभगत उजागर

**चंडीगढ़।** हरियाणा की दो राज्यसभा सीटों के चुनाव में चली खींचतान को पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने लोकतंत्र के लिए बेहद चिंताजनक बताया है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में विधायकों की क्रॉसवोटिंग और वोट रद्द होने से भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों की साजिश बेनकाब होकर आम लोगों के सामने आ गई हैं। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हैरानी जताते हुए कहा कि दो बार मुख्यमंत्री रहे और चौथी बार नेता प्रतिपक्ष बने भूपेंद्र सिंह हुड्डा अपने 37 विधायकों को एकजुट नहीं रख पाए। इससे उनके इरादे साफ जाहिर हो रहे हैं। दूसरी और निर्दलीय उम्मीदवार को जीतवाने के लिए भाजपा और नायब सरकार जिस तरह क्रॉसवोटिंग और वोट रद्द करवाने के षड़यंत्र में शामिल दिखी है, उससे भाजपा भी बेनक़ाब हो गई है और ये बात भी अब स्पष्ट हो गई है कि भाजपा का लोकतंत्र में कतई विश्वास नहीं है। उन्होंने कांग्रेस पर भी आरोप जड़े।

## पूर्व वित्तमंत्री ने रेवाड़ी में ली कार्यकर्ताओं की बैठक

# राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के आंतरिक हालात उजागर, फट भी सकता है पार्टी में बन रहा ज्वालामुखी: कैप्टन अभिमन्यु

■ कांग्रेस संगठन पर अब चंद लोगों के गिरोह का कब्जा ■ सत्ता हासिल करने के लिए हाथ-पैर मार रहा


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के आंतरिक हालात उजागर हो चुके हैं। पार्टी के अंदर तैयार हो रहा ज्वालामुखी कभी भी फट सकता है। कांग्रेस अब एक राजनीतिक दल या संगठन की जगह चंद लोगों का गिरोह बन चुका है, जो सत्ता हासिल करने के लिए हाथ-पैर मार रहा है। इस गिरोह में शामिल लोग किसी भी तरीके से सत्ता हासिल करने के बाद परिवारवाद व जातिवाद का नंगा नाच नाचने के लिए ताकत लगा रहे हैं। भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक लेने आए कैप्टन अभिमन्यु बुधवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के पांच विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की, जबकि चार के वोट खारिज हो गए। कांग्रेस प्रत्याशी महज आधे वोट से चुनाव जीतने में कामयाब हुए हैं। अगर एक वोट निर्दलीय प्रत्याशी के पक्ष में डलता, तो कांग्रेस को इस चुनाव में मुंह की खानी पड़ती। उन्होंने कहा कि भाजपा ने राज्यसभा भेजने के लिए संजय भाटिया जैसे श्रेष्ठ कार्यकर्ता को चुनकर प्रदेश की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी विपक्ष की भूमिका निभाने में भी पूरी तरह फेल साबित हुई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस बात का खुलासा कर चुके हैं कि संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की उपस्थिति महज 50 प्रतिशत रही है।

■ वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व वित्त मंत्री ने जमकर साधा कांग्रेस व इनेलो पर निशाना



रेवाड़ी। पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु।



रेवाड़ी। पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु का स्वागत करते पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

### विपक्ष पूरी तरह से नेतृत्व और दिशा विहीन हो चुका

विपक्ष पूरी तरह से नेतृत्व विहीन, दिशा विहीन, मुद्दा विहीन व विचार विहीन हो चुका है। पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व के चलते अमेरिका-इजराइल और ईरान युद्ध के चलते अन्य देशों की तरह भारत को किसी तरह के संकट का सामना नहीं करना पड़ रहा है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष वंदना पोपली, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रीतम चौहान, वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील मुसेपुर, हिमांशु पालीवाल, अमित यादव, कुलदीप चौहान, डा. कविता गुप्ता, नीतू चौधरी, दिनेश यादव टींट, रत्नेश बंसल, सुनील ग्रोवर व पार्टी के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### इनेलो का लोकतंत्र में विश्वास नहीं

कैप्टन अभिमन्यु ने इनेलो पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्यसभा चुनाव में मतदान लोकतांत्रिक प्रणाली का हिस्सा है। इनेलो ने वाटिंग से बचते हुए लोकतांत्रितक प्रणाली का अपमान किया है। इनेलो विधायक अगर कांग्रेस के विरोध में मतदान करते, तो कांग्रेस को राज्यसभा चुनाव में मात का सामना करना पड़ता। इस चुनाव में खुद को तटस्थ रखकर इनेलो ने एक तरह से कांग्रेस का साथ दिया है। इनेलो ने आजाद उम्मीदवार के पक्ष में मतदान नहीं करके परोक्ष रूप से कांग्रेस का साथ दिया है।

### तकनीकी कमी से कैंसिल हुआ वोट

राज्यसभा चुनाव में भाजपा का एक वोट कैंसिल होने के सवाल पर कैप्टन अभिमन्यु ने स्पष्ट किया कि इसके पीछे कोई दुर्भावना नहीं थी। एक वोट कैंसिल होने के पीछे तकनीकी कारण रहे होंगे। कांग्रेस के तो चार वोट खारिज हो गए। इसके बावजूद भाजपा इस पर मुद्दे पर विवेचना जरूर करेगी। अगर एक वोट भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार को मिलता, तो निश्चित रूप से कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ता। वोट कैंसिल होने के पीछे जरूर तकनीकी कारण रहे होंगे, जिन पर पार्टी विचार जरूर करेगी

## कांग्रेस ने विधायकों की खरीद-फरोख्त का आरोप लगाया, भाजपा ने हजकां तोड़ने का अतीत याद दिलाया

# राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग को लेकर विधानसभा में हंगामा, आरोप-प्रत्यारोप

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा बजट सत्र के अंतिम दिन भी राज्यसभा में क्रास वोटिंग और विधायक खरीदने के मुद्दे पर अच्छा खासा हंगामा, शोरगुल हुआ। इस दौरान आरोप प्रत्यारोप का दौर भी जमकर चला, जब कांग्रेस ने खरीद फरोख्त, हार्स टेड्रिंग के आरोप लगाए तो भाजपा की ओर से अतीत की याद दिलाकर हजकां को तोड़ने का मामला याद दिलाया। सदन में कांग्रेस के विधायक अशोक अरोड़ा ने जब अपने इनेलो के दौर को याद किया और रणबीर गंगवा, रामकुमार कश्यप का नाम लिया, तो गंगवा ने खड़े होकर पलटवार किया। कांग्रेस की बेंच से एक युवा विधायक द्वारा ऊंची आवाज में जब शोर किया जा रहा था, तो सीएम ने नाराज होकर कहा-आवाज नीची रखो मुझे भी ऊंची आवाज में बोलना आता है। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष बुधवार को सदन में अनुशासन बनाए रखने और जरूरी काम निपटाने पर फोकस किए हुए थे। उन्होंने कई बार कड़े शब्दों में विधायकों को चेताया और कहा कि यहां पर हुड़दंगबाजी नहीं चलेगी। सदन में राज्यसभा चुनाव को लेकर हंगामा शोरगुल अंतिम दिन और अंतिम चरण की कार्यवाही के दौरान बना रहा। गैस की किल्लत और रेट बढ़ने के मुद्दे पर कांग्रेस विधायकों ने जब मामला उठाया, तो स्पीकर ने इजाजत नहीं दी। कांग्रेस की ओर से बुधवार को अंतिम दिन की कार्यवाही में डॉक्टर रघुबीर कादियान, अशोक अरोड़ा, आफताब अहमद व अन्य ने शोरगुल किया।

■ कांग्रेस ने गैस किल्लत का मुद्दा उठाने का प्रयास किया, स्पीकर ने नहीं दी इजाजत

■ बजट सत्र के अंतिम दिन भी कार्य बाधित होने से स्पीकर नाराज नजर आए



### कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटने का काम किया

प्रश्नकाल समाप्त होते ही राज्यसभा चुनाव को लेकर सीएम नायब सिंह सैनी और कांग्रेस विधायकों के बीच तीखी बहस हुई। मुख्यमंत्री ने राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकतंत्र का गला घोंटने का काम स्वयं कांग्रेस पार्टी कर रही है। कांग्रेस द्वारा लोकतंत्र की हत्या के आरोप लगाना उनकी कुंठा का परिचायक है, जबकि वास्तविकता यह है कि लोकतंत्र की हत्या उनके बयानों से हुई है और कांग्रेस को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए।

### ऊंची आवाज में मत बोलिए, हम भी जानते हैं बोलना

प्रश्नकाल में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस विधायकों के सदन में समय से नहीं आने का मुद्दा उठाया, इस दौरान सदन में हंगामा और शोरगुल बढ़ गया। इस दौरान सीएम सैनी ने कांग्रेस की ओर से युवाओं द्वारा हंगामा करने व जोर जोर से चिल्लाने पर कहा- ऊंची आवाज में मत बोलिए, हम भी जानते हैं बोलना।

### कांग्रेस के नेता स्वीकार करेंगे कि उनके विधायक बिकाऊ हैं : ढांडा

हंगामे के बीच सत्तापक्ष की बेंचों से शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने पूछ लिया कि कांग्रेस के नेता स्वीकार करेंगे कि उनके विधायक बिकाऊ हैं। ढांडा ने तंज कसा और कहा कि वो दौर भूल गए जब हजकां को तोड़कर हुड्डा साहब ने अपनी सरकार बना ली थी समाप्ति की घोषणा की गई। घोषणा के दौरान राज्यपाल गुजरात द्वारा जैविक खाद को लेकर व्याख्यान की जानकारी दी गई और दोपहर तीन बजे तक कार्यवाही में ब्रेक लिया गया।

### स्पीकर बोले- अंतिम दिन है, आज तो कम से कम हंसते हुए लौटो

विस अध्यक्ष ने कहा कि सदन की कार्यवाही का अंतिम दिन है, कम से कम सभी आज तो हंसते हुए वापसी जाओ। विस अध्यक्ष चुटकी लेते हुए बोले कि जरूरी नहीं है कि लड़कर जाओ। बुधवार को लगभग साढ़े चार बजे स्पीकर ने सत्र की समाप्ति की घोषणा की। सीएम सैनी ने बजट सत्र के लिए सभी माननीयो का आभार जताया।

### हुड्डा बोले-बजट में कुछ भी नहीं, सीएम नायब ने बताया विकसित हरियाणा का बजट

नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा ने तंज कसा कि बजट में कुछ भी नहीं था। इसके बाद जय-जय हरियाणा गीत और इसके बाद में राष्ट्रगान से सत्र का समापन हुआ। पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने भाजपा सरकार के बजट पर एक पटवारी का किस्सा सुनाया तो स्पीकर भी हंसते हुए नजर आए। हुड्डा ने मुआवजा न मिलने की और कलेक्टर की बात पर दोनों पक्षों से विधायक जमकर हंसे। हुड्डा ने सीएम पर तंज कसा और कहा कि तीन घंटे, तीन घंटे, इनके बजट में है कुछ नहीं। इनकी वो कहानी है- म्हारा राजा नायब, ठाट बांट का, सर पर बांधे गाब्बा, लेनदेन में कुछ नहीं, जय राम जी की बाबा। कुछ इस तरह का बजट है इनका। सीएम नायब सैनी ने कहा कि ये बजट तीन करोड़ लोगों की आकांक्षाओं, अपेक्षाओं का बजट है। ये विजन 2047, विकसित हरियाणा का बजट है।

### प्राकृतिक खेती में ही मानव का भविष्य : आचार्य देवव्रत




**चंडीगढ़।** गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान प्राकृतिक खेती पर विशेष व्याख्यान देते हुए कहा कि यह विषय केवल कृषि तक सीमित नहीं है, बल्कि मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने सभी दलों के जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण विषय को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर मानव कल्याण के दृष्टिकोण से सदन में उठाया गया।उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा प्राकृतिक कृषि मिशन को आगे बढ़ाने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इससे प्रदेश के लोगों के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने बताया कि गुजरात में वर्तमान में लगभग 8 लाख किसान प्राकृतिक खेती अपना चुके हैं और इस दिशा में राज्य सरकार के साथ-साथ विपक्ष का भी सकारात्मक सहयोग मिल रहा है। राज्यपाल ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि गुरुकुल कुरुक्षेत्र में प्रधानाचार्य रहते हुए उन्होंने स्वयं रासायनिक खेती से प्राकृतिक खेती की ओर कदम बढ़ाया।

### मुख्यमंत्री ने सदन का आभार जताया

सत्र के समापन पर सीएम नायब सैनी ने कहा, विपक्षी साथियों का आभार प्रकट करता हूं, कि उनकी आलोचनाओं से हमें अच्छे सुझाव मिले हैं। हर सकारात्मक सुझाव को आत्मसात करूंगा, आलोचनाओं में बहुत सारी ऐसी भी थीं, जो तथ्यों से परे थीं। इस दौरान कांग्रेस विधायक अशोक अरोड़ा ने सीएम नायब सैनी की तारीफ की और कहा कि आपका नए सेक्टर बनाने का फैसला बहुत अच्छा है। इसमें मेरा एक सुझाव है कि चूंकि शहरों में जमीनें बहुत महंगी हो चुकी हैं।

### 2500 ग्राम पंचायतों में जरूरतमंदों को मिलेंगे प्लाट : पंवार

विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रदेश सरकार के पास लगभग 2500 से अधिक ग्राम पंचायतों से प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को प्लॉट आवंटित करने की मांग की गई है। इन प्रस्तावों के आधार पर सरकार द्वारा सर्वेक्षण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। सर्वे कार्य पूर्ण होते ही पात्र लाभार्थियों को शीघ्र ही प्लॉट आवंटित किए जाएंगे, जिससे गरीब परिवारों के अपने घर का सपना पूरा होगा। पंवार बुधवार को हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में प्रश्नकाल के दौरान विधायक आदित्य देवीलाल द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे।

### बजट सत्र के अंतिम दिन पांच विधेयक पारित

हरियाणा विधानसभा में बजट सत्र के अंतिम दिन चर्चा उपरांत पांच विधेयक पारित किए गए। इनमें हरियाणा विनियोग (संख्या 2) विधेयक, 2026,हरियाणा पुलिस (संशोधन) विधेयक, 2026, हरियाणा राजकोषीय उत्तरदायित्व तथा बजट प्रबन्धन (संशोधन) विधेयक, 2026, हरियाणा नगरीय क्षेत्र विकास तथा विनियमन (संशोधन) विधेयक, 2026 और हरियाणा परियोजना भूमि समेकन (विशेष उपबंध) संशोधन विधेयक, 2026 शामिल हैं।

### जलभराव की समस्या का समाधान होगा

सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने बताया कि होडल निर्वाचन क्षेत्र के कुछ गांवों में जलभराव की समस्या के समाधान के लिए राज्य सरकार द्वारा ठोस कदम उठाए गए हैं। चौधरी बजट सत्र के दौरान विधायक जगमोहन आनन्द द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब दे रही थी। मंत्री ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में व्यापक स्तर पर कृषि भूमि के बंजर होने की बात सही नहीं है। केवल गढ़ी पट्टी एवं खच्ची खेड़ा गांवों की लगभग 350 एकड़ भूमि ही जलभराव से प्रभावित पाई गई है। उन्होंने बताया कि प्रभावित क्षेत्र में निकासी के लिए विशेष परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई है।

## हरियाणा ने परिवहन सेवाओं के विकास के लिए केंद्र सरकार से सहयोग मांगा

■ मंत्री गंगवा ने केंद्रीय मंत्री परिवहन मंत्री गडकरी से की मुलाकात

**चंडीगढ़।** हरियाणा के लोक निर्माण (भवन एवं सड़क) तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर राज्य में सड़क एवं आधारभूत ढांचे के विकास को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की। मंत्री रणबीर गंगवा ने केंद्रीय मंत्री को हरियाणा सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे दो दिवसीय राष्ट्रीय आईआरसी (इंडियन रोड्स कांग्रेस) सेमिनार के उद्घाटन के लिए औपचारिक निमंत्रण दिया। यह सेमिनार 27 व 28 मार्च को चंडीगढ़ में आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभर से सड़क सुरक्षा से जुड़े विशेषज्ञ भाग लेंगे।मुलाकात के दौरान कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने हरियाणा में राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार, सड़क नेटवर्क के सुदृढ़ीकरण तथा आधुनिक परिवहन सुविधाओं के विकास के लिए केंद्र सरकार से सहयोग का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में तेजी से बढ़ रहे शहरीकरण और औद्योगिक विकास को देखते हुए आधारभूत ढांचे को और मजबूत करने की आवश्यकता है। इस मौके पर केंद्र व राज्य के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

■ केंद्रीय मंत्री को राष्ट्रीय आईआरसी सेमिनार के उद्घाटन के लिए दिया निमंत्रण



### कई परियोजनाओं पर चर्चा

मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में सकारात्मक बातचीत हुई, जिसमें हरियाणा की सड़कों एवं विभिन्न हाईवे परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने विश्वास जताया कि इन परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में केंद्र सरकार का पूरा सहयोग मिलेगा।राज्य में चल रही एवं प्रस्तावित परियोजनाओं को गति देने के लिए केंद्र सरकार से विशेष अनुदान (स्पेशल ग्रांट) उपलब्ध कराने का भी अनुरोध किया, ताकि विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके। गंगवा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के नेतृत्व में देश में सड़क अवसंरचना के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

## एक्स-ग्रेशिया राशि के भुगतान में देरी पर हाईकोर्ट सख्त, वित्त सचिव का वेतन रोकने का आदेश

**पंचकूला।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने दयालुता वित्तीय सहायता और एक्स-ग्रेशिया राशि के भुगतान में देरी के मामले में सख्त रुख अपनाया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार को कड़ी फटकार लगाई। जवाबदेही तय करते हुए हरियाणा शिक्षा विभाग के वित्त सचिव का तीन महीने का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। बकाया राशि 6% वार्षिक ब्याज के साथ: अदालत ने स्पष्ट किया कि ऐसी सहायता का उद्देश्य ही तत्काल राहत देना होता है। अदालत ने इसमें देरी को पीड़ित परिवार के साथ अन्याय के समान बताया. इसके साथ ही कोर्ट ने याचिकाकर्ता को मार्च 2024 से लंबित बकाया राशि जारी करने के साथ देरी की अवधि पर 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देने का आदेश दिया है।

**ये था मामला :** याचिकाकर्ता ने संविधान के अनुच्छेद 226/227 के तहत दायर याचिका में मार्च 2024 से लंबित करुणामूलक मासिक वित्तीय सहायता नियमित रूप से देने और स्वीकृत एक लाख रुपये की एक्स-ग्रेशिया राशि जारी करने की मांग की थी. इस पर राज्य सरकार द्वारा बजट और वित्तीय सीमाओं के कारण भुगतान में देरी की दलील दी गई. साथ ही कहा कि इस कारण ब्याज नहीं दिया जाना चाहिए। हाईकोर्ट ने राज्य की दलील को खारिज करते हुए कहा कि वित्तीय या बजटीय बाधाएं किसी नागरिक के वैध अधिकारों को टालने का आधार नहीं बन सकती. कोर्ट ने कहा कि जब सरकार स्वयं मानती है कि राशि देय थी, ऐसे में इसे समय पर नहीं दिया जाना प्रशासनिक विफलता है. कोर्ट ने यह भी कहा कि एक्स-ग्रेशिया सहायता का मकसद मृतक कर्मचारी के परिवार को तुरंत सहायता देना है।

### भाजपा ने मंडल प्रशिक्षण के लिए समन्वयक समिति का गठन किया

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने मंडल प्रशिक्षण के लिए प्रदेश प्रदर्शनी समन्वयक समिति का गठन किया है। प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने इस समिति में प्रदेश समन्वयक सहित पांच सदस्यों को भी नियुक्त किया है। भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया ने पत्र भी जारी किया है। प्रदेश समिति में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने नरेंद्र भारतीय को प्रदेश समन्वयक नियुक्त किया है, वहीं डा. संजय शर्मा, बलदेव ग्रोहा, अजीत सिवानी और मनोज ढाणा को समिति का सदस्य नियुक्त किया है। प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया ने बताया कि मंडल प्रशिक्षण के अंतर्गत आयोजित होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के सफल आयोजन के लिए समिति गठित की गई है।

### एमएसएमई पोर्टल को प्रभावी बनाने के निर्देश

**चंडीगढ़।** हरियाणा राइट टू सर्विस कमीशन ने एमएसएमई निदेशालय द्वारा संचालित ऑनलाइन पोर्टल की कार्यप्रणाली में सुधार की आवश्यकता जताते हुए विभाग को सेवा वितरण प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए हैं। आदेश में कहा कि वर्ष 2025 में पारित आदेशों में भी यह उल्लेख किया गया था कि हरियाणा सरकार का एक प्रमुख विभाग उद्योगपतियों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों से जुड़े मामलों के निपटारे के लिए सही सॉफ्टवेयर तक उपलब्ध नहीं करा पा रहा है। जिससे कारोबारी परेशान हो रहे है।

**दी सोनीपत सहकारी चीनी मिल लि., सोनीपत।**

**सूचना**

दी सोनीपत सहकारी चीनी मिल लि., सोनीपत में निदेशक मण्डल का चुनाव होना है। अतः समस्त अंशधारी ग्राम पंचायते व सहकारी समितियां (सोसाईटीज़) जो इस शुगर मिल के सदस्य है को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आप आगामी चुनाव में प्रतिनिधित्व करने के लिए अपने प्रतिनिधि का नाम शुगर मिल, सोनीपत में दिनांक 17.04.2026 को सांय: 05.00 बजे तक भेजें ताकि उसका नाम मतदाता सूचि में शामिल किया जा सकें। **(सहकारी समितियां जोन महिला उम्मीदवार के लिए आरक्षित है।)** उसके बाद कोई भी प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

हस्ता/-प्रबन्ध निदेशक,
दी सोनीपत सहकारी चीनी मिल लि.,
सोनीपत।

**कब्जा सूचना-(अचल सम्पति हेतु) नियम 8-(1)**

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये अधोहस्ताक्षरी ने कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। "कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

| कर्जदार(ों)/ सह-कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री देवीलाल श्री अशोक श्री सुरजीत श्रीमती रोशनी देवी देवीलाल पलम्बर रोशनी देवी मिल्क वर्क (प्रोस्पैक्ट नं. IL10566792) | गांव बारासारी, तहसील नाथूसरी चोपटा, जिला सिरसा, हरियाणा, भारत-125110 में खेवट नं. 172, खतौनी नं. 213, मुरब्बा नं. 87, किल्ला नं. 13/3 में निहित सम्पत्ति, क्षेत्रफल माप 7894 वर्गफुट के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 7849.00, 2485.00, 1988.00 | रु. 557035/- रुपये पांच लाख सतावन हजार पैंतीस केवल | 24-10-2025 | 16/03/2026 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : एससीओ-41पी, प्रथम तल, सैक्टर-7, मेन मार्केट, करनाल-132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 19.03.2026 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लि.

ईरान ने जताया आभार

# जंग के बीच भारत ने ईरान को भेजी मेडिकल सहायता

**इजराइल में अब** ईरान के इंटेलिजेंस मिनिस्टर को मारा

**चीन बोला**-जंग खत्म करने के लिए कोशिश करते रहेंगे

**इराक ने** तुर्किये के जरिए तेल सप्लाई का किया समझौता

**ईरान** की खाड़ी देशों में बड़े हमले करने की चेतावनी

**तेल अवीव/तेहरान (एजेंसी)।** इजराइल-अमेरिका और ईरान जंग के बीच भारत ने ईरान को मेडिकल सहायता की पहली खेप भेजी है। यह खेप ईरान की रेड क्रिसेंट सोसाइटी को सौंपी गई, जिसमें जरूरी दवाइयां और मेडिकल सप्लाई शामिल हैं। भारत में ईरान के दूतावास ने इस सहायता के लिए भारतीय लोगों का आभार जताया। दूतावास ने कहा कि यह मदद सफलतापूर्वक पहुंचा दी गई है और इसे भारत के लोगों की ओर से मिला सहयोग बताया। दूतावास ने मेडिकल सप्लाई सौंपने का वीडियो भी शेयर किया। दूसरी ओर इजराइल ने दावा किया है कि उसने ईरान के इंटेलिजेंस मंत्री इस्माइल खातिब को एयरस्ट्राइक में मार गिराया है। हालांकि इस दावे की ईरान की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

*इजराइल की एयरस्ट्राइक में ईरान के इंटेलिजेंस मंत्री इस्माइल खातिब की मौत हो गई है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने इसकी आधिकारिक पुष्टि की है। उन्होंने इसे कायराना हत्या बताया। पजशकियान ने कहा कि यह हमला ईरान के शीर्ष नेतृत्व को निशाना बनाने की साजिश का हिस्सा है।* **(पेज 8 भी देखें)**



## भारतीय जहाज 'जग लाडकी' गुजरात पहुंचा

भारतीय झंडे वाला तेल टैंकर 'जग लाडकी' गुजरात के मुंद्रा स्थित अडाणी पोर्ट्स पर पहुंच गया है। यह यूएई के फुजैराह पोर्ट से होर्मुज स्ट्रेट पार करते हुए आया है। इस पर 80,886 मीट्रिक टन (लगभग 5.8-6 लाख बैरल) कच्चा तेल लदा है। भारत में हर रोज लगभग 5.5-5.6 मिलियन बैरल (करीब 90 करोड़ लीटर) तेल की खपत होती है।

## पीएनजी को बढ़ावा देने वाले राज्यों को 10% एक्स्ट्रा एलपीजी

भारत में एलपीजी सिलेंडर की किल्लत बनी हुई है। इसी बीच केंद्र ने बुधवार को कहा कि पीएनजी को बढ़ावा देने वाले राज्यों को 10% ज्यादा एलपीजी कोटा देने का ऑफर दिया गया है। साथ ही राज्यों से धीरे-धीरे एलपीजी की जगह पीएनजी अपनाने में मदद करने को कहा गया है। घरेलू एलपीजी उत्पादन 40% बढ़ा है लेकिन हालात ठीक नहीं हुए हैं।

## ईरान की गैस फील्ड पर हमला

अमेरिका-इजराइल ने अब ईरान के ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक अमेरिका और इजराइल ने दक्षिणी ईरान में साउथ पार्स गैस फील्ड और असालुयेह शहर की तेल-गैस सुविधाओं पर एयरस्ट्राइक की है। साउथ पार्स दुनिया का सबसे बड़ा प्राकृतिक गैस फील्ड माना जाता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक हमले में गैस के साथ-साथ पेट्रोकेमिकल और तेल इंफ्रास्ट्रक्चर को भी निशाना बनाया गया है। इजराइली मीडिया ने भी बुशेहर क्षेत्र में गैस फैसिलिटी पर हमले की जानकारी दी है।

## अब क्यूबा पर हमला कर सकता है अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि वह 'क्यूबा को अपने कब्जे में लेने' का इरादा रखते हैं। उन्होंने कहा, "किसी न किसी रूप में क्यूबा को लूंगाङ्घ चाहे मैं उसे आजाद करूं या अपने नियंत्रण में ले लूं। मैं उसके साथ कुछ भी कर सकता हूं। ट्रम्प के इस बयान को काफी चौंकाने वाला माना जा रहा है।





90 वर्षों से महिलाओं की No.1 औषधि व टॉनिक

✓ कमर व पेडू में दर्द ✓ हथेली व तलवों में जलन
✓ खून की कमी ✓ खून साफ़ करे
✓ कमज़ोरी व थकान ✓ रूप निखारे
✓ हार्मोन्स का असंतुलन आदि में सहायक

हेमपुष्पा


# दिल्ली की 4 मंजिला बिल्डिंग में आग, 9 की मौत, दमकल ने 10 लोगों का रेक्स्यू किया

**दो ने छलांग लगाकर बचाई जान**

**हड़कंप मचा**

आग लगने के कारणों का नहीं चल पाया पता, शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की संभावना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के पालम स्थित साध नगर में एक रिहायशी 4 मंजिला बिल्डिंग में बुधवार सुबह करीब 7 बजे भीषण आग लग गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 3 नाबालिग लड़कियां शामिल हैं। 2 लोगों ने जान बचाने के लिए बिल्डिंग से छलांग लगा दी। दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। दिल्ली फायर सर्विस के कर्मियों ने 10 लोगों का रेक्स्यू किया है। इनमें 3 लोग घायल हैं। करीब 30 फायर ब्रिगेड मौके पर मौजूद हैं। आग पर काबू पा लिया गया है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी और तेजी से फैल गई। इमारत में उस समय 10-15 लोग मौजूद थे। इनमें कुछ शव बरामद किए जा चुके हैं। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

## राजस्थान में एथेनॉल से भरा टैंकर पलटा, आग लगी, ड्राइवर जिंदा जला



**जालोर।** राजस्थान के जालोर जिले में जैसलमेर-जामनगर नेशनल हाईवे (एनएच-68) पर एथेनॉल से भरा टैंकर पलट गया और उसमें आग लग गई। इसके बाद सड़क पर 200 मीटर तक लपटें फैल गईं। टैंकर का ड्राइवर जिंदा जल गया, जबकि उसके साथ बैठा भाई समय रहते कूद गया। हादसा बुधवार दोपहर करीब 2 बजे हुआ। फायर ब्रिगेड ने 1 घंटे बाद आग पर काबू पा लिया। जानकारी के अनुसार, टैंकर बाड़मेर से गुजरात की तरफ जा रहा था। इस दौरान सिंवाड़ा ओवरब्रिज पर पलट गया और आग लग गई।

## चंडीगढ़ की मोबाइल मार्केट में आग, 2 दुकानों में हुए धमाके

**चंडीगढ़।** सेक्टर 22 में स्थित मोबाइल मार्केट की 2 दुकानों में भीषण आग लग गई। सबसे पहले दोपहर साढ़े 12 बजे बिल्डिंग के फर्स्ट फ्लोर में बंसल फोटो फ्रेमिंग में आग लगी। इसकी लपटों के कारण सेकंड फ्लोर पर 21 सेंचुरी नाम की मोबाइल की दुकान में भी आग लग गई। दुकानों के अंदर धमाकों से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। यह मार्केट मोबाइल शोरूम और इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों के लिए फेमस है, जहां रोजाना हजारों लोग खरीदारी के लिए आते हैं। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 33 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। वहीं नगर निगम ने घटनास्थल पर पानी के टैंकर पहुंचा दिए हैं। आग लगने के समय भी मार्केट में भीड़ थी।

## इंदौर : इलेक्ट्रिक कार की चार्जिंग से आग, 8 की मौत

**इंदौर।** इलेक्ट्रिक कार टाटा पंच में चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई, जिसने तीन मंजिला मकान को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में रबर कारोबारी मनोज पुगलिया, उनकी गर्भवती बहू सिमरन सहित 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हैं। मारे गए लोगों में से 6 मनोज के रिश्तेदार थे, जो मंगलवार को बिहार के किशनगंज से आए थे। घटना बुधवार तड़के 3.30 से 4 बजे के बीच बंगाली चौराहे के पास ग्रेटर बृजेश्वरी कॉलोनी की है। पुलिस के अनुसार, आग ने घर के अंदर रखे गैस सिलेंडरों को अपनी चपेट में ले लिया। इससे एक के बाद एक सिलेंडर फट गया। घर में लगे डिजिटल लॉक खुल नहीं पाए, इसके कारण अंदर सो रहे लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला।


बनस्थली विद्यापीठ 19 35 सा विद्या या विमुक्तये

# BANASTHALI VIDYAPITH

(Notified as Deemed to be University Under Section 3 of the UGC Act)

University for women: University with a difference





**Banasthali Vidyapith, the world's largest fully residential university for women is NAAC 'A++', the second highest ranked women's university in the world** having more than 18000 students on its 850-acre campus situated amidst rural setting in Rajasthan, having a distinct educational ideology and offering a variety of programmes from nursery up to doctoral level across a wide spectrum of disciplines to prepare enlightened citizens with strong value-base.

## Programmes offered

**ENGINEERING & TECHNOLOGY**

**B.Tech.*** (Comp. Sc.& Engg./Comp. Sc.-Artificial Intelligence/Electronics & Comm./ Electronics & Instru./Electrical & Electronics/Mechatronics/ IT/Biotech./Chemical Engg./Electronics Engg.-VLSI Design and Technology)
**M.Tech. Integrated*** (Comp. Sc./Mechatronics)*
**M.Tech.** (Artificial Intelligence)
**M.Tech.** (Comp. Sc./IT)
**M.Tech.** (Robotics & Automation)
**M.Tech.** (VLSI Design) | **M.Tech.** (Remote Sensing)
**M.Tech.** (Biotechnology)
**M.Tech.** (Chemical Engineering)
**Diploma** (Electronics & Instru./ Electrical & Electronics/Mechatronics)*

**MATHEMATICAL & PHYSICAL SCIENCES**

**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research**$ (Phy./Chem./Maths/Comp.Sc./Elect./Stats/Data Science)
**BCA/BCA Hons./BCA Hons.**(AI/Data Analytics)$/ **BCA Hons. with Research** (AI/Data Analytics)$
**M.Sc.** (Computer Science) | **M.Sc.** (Physics)
**M.Sc.** (Data Science) | **M.Sc.** (Electronics)
**M.Sc.** (Mathematics/Statistics/Operations Research)
**MCA/PGDCA**

**ARCHITECTURE & PLANNING**

**B.Arch.**+

**LAW**

**B.A./BBA/B.Com. LL.B.** (Integrated)
**LL.M.*** (Constitution Law/Criminal Laws & Forensics)

**LIFE SCIENCES**

**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research**$ (Chemistry, Zoology, Botany & Microbiology)
**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research**$ (Biotechnology) | **B.Pharm.***
**M.Pharm.** (Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics, Pharmacology)
**M.Sc.** (Chemistry) | **M.Sc.** (Microbiology)
**M.Sc.** (Botany) | **M.Sc.** (Zoology)
**M.Sc.** (Biotechnology) | **M.Sc.** (Bioinformatics)
**M.Sc.** (Applied Microbiology & Biotechnology)

**EARTH SCIENCES**

**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research**$ (Geology/Geography)
**M.Sc.** (Geography) | **M.Sc.** (Geology)
**M.Sc.** (Environmental Science)

**MANAGEMENT STUDIES**

**B.Com./B.Com. Hons./B.Com. Hons. with Research**$
**BBA/BBA Hons./BBA Hons. with Research**$
**MBA (Integrated)** | **BSW** | **M.Com.**
**MBA*** (Business Analytics/Entrepreneurship/HR/ Finance/Marketing/Aviation/Public Policy/Banking and Finance Management)

**FINE ARTS**

**M.A.** Music (Vocal/Instru.), Dance (Kathak/Bharatnatyam), Dramatic Art (Theatre), Drawing and Painting, **MPA**#, **BPA**#
**B.V.A. Painting**#

**AVIATION**

**B.Sc./B.Sc. Hons.** (Aviation Science)

**DESIGN**

**B.Des.** (Fashion & Lifestyle Design/Communication Design/Industrial Design)
**M.A.** (Textile Designing) | **M.Des.**

**JOURNALISM & MASS COMMUNICATION**

**B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research**$ (Journalism and Mass Communication)
**M.A.** (Journalism and Mass Communication)

**HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES**

**B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research**$ (Hindi, Sanskrit, English, German, French, Sociology, History, Maths, Statistics, Applied Statistics, Political Sc., Public Adm., Economics, Management, Music, Dance, Drama & Theatre Art, Drawing & Painting, Home Science, Textile Designing, Computer Application, Geography, Psychology)
**M.A.** (Economics, History, Sociology, Political Sc., Psychology, Geography, Mathematics, Statistics, Operations Research, Hindi, English & Sanskrit)
**Master of Social Work**

**EDUCATION**

**ITEP B.A.B.Ed*/B.Sc.B.Ed*** (Secondary/Middle), **B.Ed, M.Ed**

**HOME SCIENCE**

**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research**$ (Home Science)
**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research**$ (Home Science) Food Science & Nutrition
**M.Sc.** (Home Science) (Human Development/Food Science & Nutrition/Clothing & Textile)

**NURSING**

**B.Sc. Nursing***

*Admission to this course shall be based on all India merit-cum-aptitude test/NCET.
**One year PG Programmes available for 4 years Hons./Hons. with Research Graduates.**
**Foreign/NRI Admissions :** A limited number of seats are available for direct admission of Foreign/NRI students in select courses.
**Ph.D. :** Visit the University website for further details of Ph.D. in all Subjects mentioned above.

$Lateral entry also available
For queries related to lateral entry call: +91-8946925269

Toll Free 1800-270-5855

Admission 2026-27
Scan to explore for detailed information

+JEE-2 & NATA qualified
#Subject to Approved

LAST DATE FOR APPLICATION
**30 April, 2026**

## SCHOOL EDUCATION DIVISION

New admissions shall be made only to classes VI*, IX* & XI Arts/Science(Maths/Bio)/Commerce.
For admission enquiry: +91-9116624101, +91-9352878388
Email: school_admissions@banasthali.in

## Enquiries can be made at

- **For general enquiry:**
+91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866
- **For UG/PG Admissions:**
+91-9116624102 (Engineering & Technology)
+91-9116624103 (Mathematical & Physical Sciences)
+91-9116624104 (Life Science, Aviation, Earth Sc.)
+91-9116624105 (Law & Management Studies)
+91-9352879847 (Humanities, Social Sc., Home Sc.)
+91-9352803156 (Design, Architecture, Fine Arts, Education & Nursing)
Email: ug_admissions@banasthali.in; pg_admissions@banasthali.in

## How to Apply

For each programme a separate application is required through either:
**Option 1 :** Online submission of application at the University's website: **http://www.banasthali.org** or
**Option 2 :** Send a DD for Pre-application fee of Rs. 1000/- in favour of **"Banasthali Vidyapith"** Payable at Banasthali/Jaipur to: **Secretary-Banasthali Vidyapith, P.O. Banasthali Vidyapith-304022 (Raj.)**

Scan to explore

## Scholarships

The Vidyapith provides financial support to the needy students in the form of merit-cum-need scholarships. It also encourages meritorious students by awarding them merit scholarships.

**BANASTHALI VIDYAPITH**
P.O. Banasthali Vidyapith (Raj.) 304022 • Phone : +91-1438228384, +91-1438228990
Mob.: +91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866 • Email : admissions@banasthali.in
Visit us at **http://www.banasthali.org**
Connect with us on www.facebook.com/banasthali.org
Connect with us on www.instagram.com/banasthali_vidyapith_official


NAAC 'A++' 3.63

THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2025

nirf All India Rank

QS UNIVERSITY RANKINGS ASIA

नवरात्र पर विशेष



## प्रथम-शैलपुत्री

नवरात्रि के प्रथम दिन देवी दुर्गा की आराधना शैलपुत्री के रूप में की जाती है। शैलपुत्री देवी को पर्वतराज हिमवान की पुत्री के रूप में पूजा जाता है। देवी के शैलपुत्री स्वरूप को जगत माता भी कहा जाता है, इनका वाहन बैल है। पूर्वजन्म में शैलपुत्री ही दक्ष प्रजापति की कन्या सती थीं। पिता द्वारा भगवान शिव की उपेक्षा से क्रोधित होकर सती ने अपना शरीर हवन कुण्ड में समर्पित कर दिया था। बाद में जब सती ने राजा हिमवान के यहां जन्म लिया तो शैलपुत्री या पार्वती कहलाईं। मां शैलपुत्री का वाहन वृषभ है। अपने भक्तों की यह सदैव रक्षा करती है। नवरात्र पूजन में प्रथम दिन भक्त अपने मन को मूलाधार चंद्र में स्थित करते हैं और श्रद्धा भक्ति के साथ इनका पूजन करते हैं इस श्लोक का पाठ करते हैं-

*'वंदे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम्।*
*वृषारूढां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम्॥'*

# भगवान हनुमान पर गलत पोस्ट करने के आरोपी को अग्रिम जमानत से इनकार

■ हाईकोर्ट ने कहा-व्यक्तिगत स्वतंत्रता और सामाजिक हित में संतुलन जरूरी, निष्पक्ष जांच के लिए हिरासत में पूछताछ करना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने भगवान हनुमान पर कथित आपत्तिजनक और भड़काऊ इंटरनेट मीडिया पोस्ट करने के आरोपित को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में न्यायालय को व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा और समाज के व्यापक हितों के बीच संतुलन बनाना होता है और गंभीर आरोपों की स्थिति में जांच से समझौता नहीं किया जा सकता। जस्टिस सुमित गोयल की एकल पीठ ने यह आदेश फरीदाबाद निवासी हरवंस राय की याचिका पर सुनाया, जिसमें उसने दर्ज एफआईआर में गिरफ्तारी से बचने के लिए अग्रिम जमानत की मांग की थी। अभियोजन के अनुसार, आरोपित ने अपने फेसबुक अकाउंट से भगवान हनुमान के संबंध में आपत्तिजनक और दुर्भावनापूर्ण पोस्ट साझा की जिसका उद्देश्य हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना था। शिकायतकर्ता एडवोकेट अजय कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि इन पोस्टों से न केवल उनकी बल्कि व्यापक समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं।

याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि आरोप झूठे और मनगढ़ंत हैं तथा आरोपित जांच में शामिल होने को तैयार है। हालांकि राज्य पक्ष ने इसका विरोध करते हुए कहा कि मामला गंभीर प्रकृति का है और आरोपी को अग्रिम जमानत देने पर वह साक्ष्यों से छेड़छाड़ कर सकता है या जांच को प्रभावित कर सकता है।

अदालत ने रिकॉर्ड का अवलोकन करते हुए पाया कि प्रथम दृष्टया आरोपों का आधार मौजूद है और इंटरनेट मीडिया पोस्ट जांच के दौरान जब्त भी किए जा चुके हैं। अदालत ने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि प्रभावी जांच के लिए हिरासत में पूछताछ कई बार आवश्यक होती है और अग्रिम जमानत इस प्रक्रिया में बाधा बन सकती है।

इन सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि मामले की गंभीरता, आरोपित की भूमिका और निष्पक्ष जांच की आवश्यकता को देखते हुए अग्रिम जमानत देना उचित नहीं है। इसी आधार पर याचिका को खारिज कर दिया गया।

### आरोपी है एलएलबी स्टूडेंट, बताता है वकील

सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि आरोपित ने एक विशेष जाति के खिलाफ भी आपत्तिजनक टिप्पणियां की और खुद को वकील बताकर लोगों को गुमराह किया। जांच में सामने आया कि वह अभी एलएलबी का छात्र है और किसी बार काउंसिल में पंजीकृत नहीं है, बावजूद इसके वह स्वयं को वकील बताकर पेश आ रहा था।

## गुरुग्राम नगर निगम में 1918 करोड़ का बजट पेश

गुरुग्राम। नगर निगम सदन की विशेष बैठक बुधवार को जिला परिषद भवन में मेयर राजरानी मल्होत्रा की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान बताया कि आगामी वित्त वर्ष के लिए बजट में 1918 करोड़ रुपये की आय तथा 1875 करोड़ रुपये के व्यय का अनुमान तैयार किया गया है।

**आधार हैल्थ इंस्टीट्यूट**
(A Unit of VLCOM Healthcare Pvt Ltd)
तोशाम रोड, हिसार-125005 हरियाणा
दूरभाषः 7206495678

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिन मरीजो ने आधार हेल्थ इंस्टीट्यूट, हिसार में 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक भर्ती होकर अपना या अपने परिवार के सदस्य का इलाज कराया है, उनके मेडिकल रिकॉर्ड को स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र (F. NO. 12034/3/2014- MH-II-MH-I) के तहत नष्ट किया जा रहा है। इस सूचना/इश्तिहार के 30 दिन के बाद रिकार्ड उपलब्ध नहीं होंगे। अतः आप कोई भी दावा अस्पताल पर नहीं कर सकेंगे। अगर किसी को कोई रिकॉर्ड चाहिए तो कृपया अस्पताल के मेडिकल रिकॉर्ड विभाग (रूम न. 71, भूतल) में मरीज का आईपीडी नं. और अपना पहचान पत्र के साथ सूचना/इश्तिहार के 30 दिन के भीतर संपर्क करें।
**नोटः** कृपया अगर कोई रिकॉर्ड से सम्बंधित जानकारी लेने आये तो मरीज की दाखिल व छुट्टी की तारीख और आई.पी.डी. नम्बर के साथ आये।

**निदेशक**
आधार हैल्थ इंस्टीट्यूट, हिसार

## खुलासा : गाजियाबाद में पकड़े गिरोह के सदस्य को लेकर सोनीपत पहुंची पुलिस

# पाकिस्तान के लिए जासूसी करने को ही सोनीपत स्टेशन पर लगाया था कैमरा

■ आरोपी से करीब ढाई घंटे तक की पूछताछ, स्टेशन पर ले जाकर निशानदेही के बाद कैमरा उतारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत स्टेशन से महज 500 मीटर दूरी पर एक ओएचई पोल पर लगे सोलर सीसीटीवी कैमरे के राज से आखिरकार चौथे दिन पर्दा उठ गया है। यह मामला भी गाजियाबाद के कौशांबी में पकड़े गए पाकिस्तानी जासूसी गिरोह से ही जुड़ा है। मामले को लेकर बुधवार को कौशांबी पुलिस के उच्च अधिकारी गाजियाबाद में पकड़े गए छह आरोपियों में से एक आरोपी को लेकर सोनीपत पहुंचे और करीब ढाई घंटे पूछताछ व जांच की।

निशानदेही के बाद पुलिस कर्मचारियों ने कैमरे को उतार लिया। गाजियाबाद में पकड़े गए गिरोह के 6 सदस्यों को कई महत्वपूर्ण व संवेदनशील जगहों पर कैमरे लगाने थे। इनमें दिल्ली कैंट व सोनीपत का खुलासा हो चुका है। इन कैमरों से लाइव फुटेज लेकर पाकिस्तान में आईएसआई को भेजनी थी।



सोनीपत। स्टेशन के पास आरोपी को लाते पुलिस अधिकारी व कैमरा उतारते कर्मचारी।

### 100 मीटर दायरे में चप्पे-चप्पे पर रही सुरक्षा

कौशांबी पुलिस के उच्च अधिकारी आरोपी को दोपहर 1:14 बजे सोनीपत लेकर पहुंचे। पहले आरोपी से जीआरपी थाने में करीब आधा घंटा पूछताछ की गई। इसके बाद उसे आरपीएफ थाने में लाकर करीब डेढ़ घंटा पूछताछ हुई। इस दौरान दिल्ली मुख्यालय से रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त (सीनियर डीएससी) आशुतोष पांडे, सहायक सुरक्षा आयुक्त डीके चौहान सहित इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी), नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए), क्राइम इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट (सीआईडी) की टीमें मौजूद रहीं। इसके बाद पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों के कर्मचारी आरोपी को लेकर कैमरे वाली जगह मौके पर पहुंचे। यहां आरोपी से संदिग्ध सीसीटीवी के बारे में पूछताछ करते हुए उसकी वीडियो भी बनाई गई। मौके पर पुलिस कर्मचारियों ने गंभीरता से पूछताछ के बाद सीसीटीवी को उतारकर उसे अपने कब्जे में ले लिया। इस दौरान करीब 100 मीटर दायरे में चप्पे-चप्पे पर आरपीएफ व जीआरपी के कर्मी तैनात रहे। कड़ी सुरक्षा घेरे के बीच आरोपी को दोबारा जीआरपी थाने में लाया गया। जीआरपी थाने में करीब 15 मिनट ठहराव के बाद कौशांबी पुलिस अधिकारी दोपहर 3:44 बजे वापस आरोपी को अपने साथ ले गए। इस दौरान पुलिस के उच्च अधिकारियों सहित सुरक्षा एजेंसियों के कर्मचारियों ने मीडिया के सामने एक शब्द नहीं बोला।



### पैसों के लिए वीडियो व फोटो विदेश में भेज रहे थे

बता दें कि गाजियाबाद में चार दिन पहले पुलिस की ओर से पकड़े गए छह आरोपी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर देश के बड़े रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, मेट्रो स्टेशन व भारत के सैन्य क्षेत्र आदि संवेदनशील स्थानों पर सोलर बेस्ड सीसीटीवी लगाने की फिराक में थे। यह भी आरोप है कि आरोपी रेलवे स्टेशन, सार्वजनिक स्थानों व सुरक्षा बल के लोकेशन के वीडियो बनाकर विदेशों में भेज रहे थे, जहां से उन्हें बदले में ऑनलाइन खातों में मोटी रकम भेजी जाती थी। शायद इसी मकसद के साथ सोनीपत स्टेशन के पास सीसीटीवी लगाया गया था। यह रेलमार्ग दिल्ली से चंडीगढ़, पंजाब व जम्मू-कश्मीर को आपस में जोड़ता है। बुधवार को चार दिन बाद सीसीटीवी को उताकर पुलिस ने कब्जे में ले लिया।

## घर में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में धमाका परिवार के 8 सदस्य झुलसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शाहाबाद के यारा गांव में बुधवार सुबह 6:30 बजे एक घर में गैस सिलेंडर में अचानक धमाके के साथ आग लग गई। हादसे में तीन बच्चों समेत परिवार के 8 सदस्य गंभीर रूप से झुलस गए, जिन्हें पड़ोसियों ने तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। एक युवक को गंभीर हालत में चंडीगढ़ पीजीआई रेफर किया गया है। इस हादसे में गीता देवी (52), उनके पति रुपेंद्र कुमार (55), बेटा कर्ण (26), पुत्रवधू कोमल (24), पोती वैष्णवी (4), सास चरणों देवी (80) और भतीजा बांका झुलस गए। कर्ण शाहाबाद के प्राइवेट अस्पताल में सफाई कर्मी है। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया।



सिलेंडर में धमाका इतना जोरदार था कि रसोई की टाइलें टूट गईं, घर की दीवारों में दरारें आ गईं और दरवाजा उखड़कर दूर जा गिरा। हादसे के वक्त गीता देवी रसोई में खाना बना रही थीं। जांच में पता चला कि सिलेंडर में लगी पिन प्रेशर की वजह से अचानक निकल गई थी, जिससे सिलेंडर में धमाका हो गया। गैस लीक होने से पूरा घर आग की चपेट में आ गया, जिससे घर में सो रहे लोग भी झुलस गए।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

ऊपर वाले से मिला वरदान मेरे पास है हर समाधान
करो प्रेमिका / पति मुट्ठी में
जो व्यक्ति वास्तव में परेशान है, वो ही फोन करें।
रजि.
गुरु कबीर जी
की जुबान पत्थर की लकीर है।
आपकी हर समस्या का समाधान
जैसे:- शादी, कारोबार, पढ़ाई में रुकावट, सास बहु, मिया बीवी में अनबन, सौतन, दुश्मन नाश, ग्रह क्लेश, बेटा / बेटी / पति - पत्नी किसी के वश में कहना न मानता हो, पशु, फसल में नुकसान, कोर्ट-कचहरी मुकदमा जैसी सभी समस्याओं का गारन्टीड समाधान। पांच मिनट में समाधान
एक फोन करो समाधान पाओ
9711428545
स्पेशलिस्ट : वशीकरण, मनचाहा प्यार

## फसलों में नुकसान की तुरंत विशेष गिरदावरी की जाए : अनुराग ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने हरियाणा में हाल ही में हुई ओलावृष्टि, तेज बारिश और आंधी से किसानों की तबाह हुई फसलों को लेकर सरकार और मुख्यमंत्री पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पानीपत, करनाल, कैथल व यमुनानगर समेत कई जिलों में हजारों एकड़ गेहूं और सरसों की फसल जमीन पर बिछ चुकी है। कई इलाकों में 4 से 12 एमएम तक बारिश और तेज हवाओं के चलते 70-80 प्रतिशत तक फसल को नुकसान हुआ है, लेकिन सरकार ने किसी ठोस राहत का ऐलान नहीं किया है। ढांडा ने कहा कि पूरे प्रदेश में तत्काल विशेष गिरदावरी शुरू करवाई जाए। पारदर्शी रिपोर्ट के साथ फसल बीमा की राशि जल्द से जल्द सीधे किसानों के खातों में डाली जाए। साथ ही मुख्यमंत्री ठोस राहत पैकेज का ऐलान करें।

## चंडीगढ़ में सरेराह प्रॉपर्टी डीलर की 12 गोलियां मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़



सेक्टर-9 में बुधवार को प्रॉपर्टी डीलर की सरेराह 12 गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। वह जिम में एक्सरसाइज करने के बाद अपनी फॉर्च्यूनर गाड़ी में घर जा रहा था। कुछ ही दूरी पर उसे हमलावरों ने घेरकर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं। गोलियां लगने के बाद वह ड्राइविंग सीट पर ही लुढ़क गया। उधर, हत्या की जिम्मेदारी गैंगस्टर लक्की पटियाल ने ली है। उसने इसको लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर लिखा- ये हमारी जानकारियां विरोधियों को दे रहा था। प्रॉपर्टी डीलर की पहचान चरणप्रीत सिंह (31) निवासी गांव कुब्बाहेड़ी, मुल्लांपुर के रूप में हुई है। उसे पहले भी धमकियां मिलीं थीं, लेकिन सुरक्षा नहीं मिली थी।

**उत्तर रेलवे**

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप-135002 द्वारा फर्मो को निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है:-

| क्र.सं. | निविदा स. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 61265305 | इंटर-व्हीकल पावर कपलर | 20 सेट्स | 16 अप्रैल 2026 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।
टेंडर नोटिस सं0 61265305 927/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | गांधी कैम्प, वार्ड नं. 15, एम.सी. रोहतक में रविन्द्र के मकान, पुलकित के मकान, जीवमदास बजाज के मकान के निकट सीसी गली का निर्माण और साधना बुटीक के निकट पहुंच गली में पैच वर्क। | 17.03.2026 24.03.2026 | रु. 3.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/43979/I/88/6 दि. 18.03.26

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका बवानी खेड़ा | नगर पालिका बवानी खेड़ा हेतु एक जेसीबी और एक ट्रैक्टर एक ट्रॉली (जीएसटी, परिवहन, एक्सेसरीज और बीमा समेत) की आपूर्ति के लिए चतुर्थ बार निविदा (पुनर्निविदा) + 6 कार्य। | 17.03.2026 24.03.2026 | रु.82,91,788/- | https://etenders.hry.nic.in | 9802401200 mcbawanikhera1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/43982/I/88/6 दि. 18.03.26

# 4500 कमर्शियल सिलेंडर हररोज बंटेंगे, हर जिले का कोटा तय

■ शादी समारोह के लिए 5 गैस सिलेंडर की संख्या तय की, पहले से कमर्शियल सिलेंडर लेने वालों को ही प्राथमिकता मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

प्रदेश में 8 मार्च से बंद कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। कमर्शियल सिलेंडर के लिए प्रदेश सरकार ने मानक तय कर लिए हैं और पुरानी मांग को देखते प्रदेश के अलग-अलग जिलों को मिलने वाले कमर्शियल सिलेंडर का कोटा तय भी कर दिया है। उम्मीद है कि अगले दो-तीन में कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति फिर से शुरू हो जाएगी। प्रदेश को रोजाना 4500 कमर्शियल सिलेंडर मिलेंगे, जिनमें से कुल आपूर्ति का 20 फीसदी सिलेंडर आवश्यक सेवाओं के लिए आरक्षित किया गया है। शादी समारोह के लिए 5 गैस सिलेंडर की संख्या तय कर दी गई है। बता दें कि कमर्शियल सिलेंडर की पिछले दस दिन से आपूर्ति बंद होने से होटल, रेस्टोरेंट, हलवाइयों के काम पर असर पड़ा है। ढाबा संचालकों से लेकर बड़े होटल तक सभी ने वैकल्पिक डीजल-कोयला भठ्ठी लगा ली हैं।

### यह तय किया जिले का कोटा

| जिला | सिलेंडर | जिला | सिलेंडर |
|---|---|---|---|
| अंबाला | 200 | पानीपत | 250 |
| कुरुक्षेत्र | 150 | हिसार | 300 |
| भिवानी | 100 | रेवाड़ी | 200 |
| महेंद्रगढ़ | 50 | झज्जर | 200 |
| दादरी | 50 | रोहतक | 250 |
| मेवात | 100 | जींद | 100 |
| फरीदाबाद | 500 | सिरसा | 100 |
| पलवल | 50 | कैथल | 50 |
| फतेहाबाद | 50 | सोनीपत | 350 |
| पंचकूला | 250 | करनाल | 200 |
| गुरुग्राम | 900 | यमुनानगर | 100 |

### 20% आरक्षित, डिमांड मांगी

प्रदेश सरकार की तरफ से जारी आदेश के बाद खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा कमर्शियल सिलेंडर की डिमांड का ब्योरा जुटाया जा रहा है। विभाग ने सीएमओ, डीईओ, डीईईओ, सीडीपीओ, पुलिस व सेना को पत्र लिखकर सिलेंडर की डिमांड मांगी है, ताकि कुल कमर्शियल सिलेंडर में से 20 फीसदी आरक्षित आवश्यक सेवाओं को दिए जा सकेंगे। आवश्यक सेवाओं के तहत आंगनबाड़ी, स्कूलों, कॉलेजों, यूनिवर्सिटी में छात्रावासों, अस्पतालों की कैंटीन, पुलिस मैस, सेना के मैस आते हैं।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद डबवाली | एम.सी. मण्डी डबवाली में स्वच्छ भारत मिशन के लिए दीवारों को डेकोरेट करने के लिए एम.सी. सीमा में दीवारों, भवनों और अन्य स्थानों पर 3डी मुराल आर्ट वर्क की पेंटिंग + 1 कार्य। | 17.03.2026 24.03.2026 | रु. 70,41,495/- | https://etenders.hry.nic.in | 7015438905 secymcdabwali@gmail.com |
| 2 | नगर परिषद डबवाली | वरूण प्लाईवुड डब्ल्यू-3 (स्मार्ट रोड) के निकट श्री बालाजी टीवी सेंटर गांधी चौक पर सीसी गली का निर्माण और अन्य कार्य + 3 कार्य (डबवाली) | 17.03.2026 13.04.2026 | रु. 7,06,40,405/- | https://etenders.hry.nic.in | 7015438905 secymcdabwali@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/43977/I/88/6 दि. 18.03.26

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।


**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## शब्द पहेली - 6169




**बाएँ से दाएँ**
1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कसर-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.जी,चित-2
34.नाखून-2
36.पढ़ने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नामित-3
45.नर का विलोम-2
47.उर्वरक-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
66.सदैव,हमेशा-2
67.नेत्र,नयन-2
68.आकाश,गगन-2
69.लाख,गोंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्यार (अंग्रेजी-2)
2.भगिनी,दीदी-3
4.सभी-2
6.गीत गायन-2
8.मार्ग,रास्ता-2
10.मां का दुलार-3
12.आनंद,रस-2
14.थूक,लेस-2
16.अनुकृति-3
18.सरुर,खुमार-2
20.मां,मदर-2
21.घ्राणेंद्रिय-2
23.चरण तल-3
25.भीगा हुआ-2
27.देह,काया-2
29.मछली-2
31.नृत्य करना-3
33.टोंटी,नलका-2
35.गधा,गर्दभ-2
37.कटि-3
39.माफी-2
40.दोस्त,मित्र-2
42.वायु,गैस-2
44.कॉफी-3
46.मूल्य-2
48.जोर,बल-2
50.लक्ष्मी-2
52.जलमार्ग-3
54.स्थिति-2
56.नवीन-2
58.कूड़ा-3
59.नौकर-2
61.सत्य-2
63.दौड़ना-2
65.गर्भनाड़ी-2

### शब्द पहेली- 6168 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ल | ज्ज | त | दा | र | | क | र | त | ब |
| म | त | | क | | ज | टि | ल | | वा | र |
| न | | क | रा | मा | त | | म | य | | ग |
| भा | गी | दा | र | | प | ल | | म | द | द |
| व | | चा | | अ | ट | ल | | | रा | |
| न | ज | र | बं | द | | का | न | भ | र | ना |
| | मी | | | र | न | र | | ड़ | | म |
| अ | न | ल | | क | र | | अ | क | ब | र |
| म | | ता | क | | क | त | र | ना | | ख |
| रू | ह | | ह | ल | वा | | दा | | आ | ना |
| द | म | दा | र | | स | न | स | ना | ना | |




## खबर संक्षेप

### गुजरात विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी

अहमदाबाद। गुजरात में कई अहम स्थानों को बम ब्लास्ट से उड़ाने की धमकी मिली है। बुधवार सुबह आए ईमेल के बाद गांधीनगर में विधानसभा को खाली करवाकर चेक किया। इसके साथ मुंद्रा पोर्ट पर सुरक्षा को अलर्ट किया गया। ईमेल में अहमदाबाद के स्कूलों में भी ब्लास्ट की धमकी दी गई है। ईमेल में कच्छ जिले के मुंद्रा पोर्ट पर खड़े एलपीजी टैंकर को मिसाइल से उड़ाने की भी धमकी दी गई है।

### हिमाचल में कर्मचारी जींस-टीशर्ट न पहनें

शिमला। हिमाचल प्रदेश सरकार ने सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड



और सोशल मीडिया के उपयोग को लेकर सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सरकारी कर्मचारियों को साफ-सुथरे, औपचारिक कपड़े पहनना अनिवार्य होगा। पुरुषों को शर्ट-पैंट और महिला कर्मचारियों को साड़ी, सूट या अन्य परिधान के निर्देश हैं।

### फंदे से लटकी वाइस चेयरमैन, गंभीर आरोप

झुंझुनूं। जिले के खेतड़ी कस्बे में बुधवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब नगरपालिका की



निवर्तमान वाइस चेयरमैन सुनीता देवी (35 वर्ष) का शव फंदे से लटका मिला। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और मामला गंभीर आरोप-प्रत्यारोप में बदल गया। सुनीता को पति गजेंद्र अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### महाराष्ट्र में 4 थर्मल स्टेशनों को उड़ा देंगे

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में स्थित 4 बड़े थर्मल पावर स्टेशनों को ड्रोन से हमले की



धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। पुलिस ने सुरक्षा कड़ी कर दी है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक यह धमकी एक ईमेल के जरिए मिली है, जिसमें इन पावर स्टेशनों को निशाना बनाने की बात कही गई है।

### वंदे भारत पर पत्थरबाजी करने वाले गिरफ्तार



नई दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में खुलासा करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में पत्थरबाजी की घटना में हाई-रेजोल्यूशन कैमरों और एआई की मदद से आरोपी को पकड़ा गया। कैमरे में रिकॉर्ड छोटी सी तस्वीर और एआई तकनीक से पकड़ने में हम कामयाब रहे। हमें उस घर तक पहुंचने में मदद मिली जहां वह था।

---

**सोशल मीडिया की सनक, बेंगलुरु में पिता की जान पर बन आई हरकत**

**बढ़े बस किराये का विरोध जताने के लिए अजीबोगरीब तरीका अपनाया**

# रील बनाने के चक्कर में बुजुर्ग को बोरे में डालकर 'पार्सल' करने की कोशिश

भाषा ▶▶ बेंगलुरु

हिंदू नव वर्ष उगादी और ईद-उल-फितर से पहले बढ़े बस किरायों के खिलाफ विरोध जताने और रील बनाने के लिए एक अजीबोगरीब तरीका अपनाते हुए बेंगलुरु के एक परिवार ने एक बुजुर्ग व्यक्ति को बोरे में डालकर 'पार्सल' करने की कोशिश की। सोशल मीडिया पर 'रील' बनाने के लिए अपनाए गए इस अनोखे तरीके ने तब खतरनाक मोड़ ले लिया जब बुजुर्ग को सांस लेने में दिक्कत होने लगी, जिसके बाद परिवार ने माफी मांगी। यह घटना मंगलवार शाम मध्य बेंगलुरु के व्यालिकावल इलाके में हुई।

### परिवार ने पुलिस और आम जनता से माफी मांगी



पुलिस के अनुसार, परिवार एक निजी कूरियर केंद्र पर पहुंचा और दावा किया कि वे निजी और सरकारी दोनों बसों के बढ़ते किरायों के खिलाफ प्रतीकात्मक संदेश देने के लिए उस बुजुर्ग को पार्सल करना चाहते हैं। इस अजीब मांग से चौंककर वहां के कर्मचारियों ने पुलिस को मामले की सूचना दी। पूछताछ के दौरान बुजुर्ग की बेटी ने बताया कि यह पूरी घटना विरोध जताने और 'रील' बनाने के लिए की गई थी और इसके लिए अनोखा तरीका अपनाते हुए परिवार ने बुजुर्ग को एक बोरे में बंद कर दिया। पुलिस ने बताया कि स्थिति तब गंभीर हो गई जब बोरे के अंदर बुजुर्ग को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। इसके बाद परिवार ने अपनी हरकत के लिए पुलिस और आम जनता से माफी मांगी। पुलिस ने कहा कि परिवार के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई, लेकिन वीडियो के जरिए माफी मंगवाकर और सख्त चेतावनी देकर छोड़ दिया गया, साथ ही भविष्य में ऐसे खतरनाक कदम उठाने से बचने को कहा गया है।"

---

**कंगना ने संसद की कार्यवाही के बाद कांग्रेस सांसद पर की टिप्पणी-बोलीं**

# राहुल टपोरी की तरह संसद आते हैं, तू-तड़ाक करते हैं उन्हें देखकर महिलाएं फील करती हैं अनकम्फर्टेबल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा सांसद कंगना रनौत ने बुधवार को संसद के बाहर कहा कि राहुल गांधी को देखकर हम महिलाओं को काफी अनकम्फर्टेबल फील होता है। उन्होंने कहा कि वह टपोरी की तरह आते हैं, तू-तड़ाक करते हैं।

इंटरव्यू दे रहे लोगों को परेशान करते हैं। कहते हैं- आजा, आजा। उन्हें अपनी बहन को देखना चाहिए। उनका व्यवहार बहुत अच्छा है। कंगना का यह बयान उस विवाद के बाद आया है, जिसमें 12 मार्च को संसद परिसर के मकर द्वार पर राहुल गांधी के चाय-नाश्ता करने को लेकर आलोचना हुई थी।





### संसद के गेट पर राहुल के चाय-नाश्ता करने को लेकर हो रही आलोचना

इस मामले में 84 पूर्व ब्यूरोक्रेट्स , 116 पूर्व सैनिक और 4 वकीलों ने एक ओपन लेटर लिखकर राहुल गांधी से देश के लोगों से माफी की मांग की है। राहुल गांधी देश में एलपीजी सिलेंडर की भारी कमी को लेकर संसद के गेट पर अन्य सांसदों के साथ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान राहुल गांधी चाय और बिस्किट का आनंद लेते हुए आरामदायर मुद्रा में बैठे हुए थे, जो विपक्षी सांसदों के लिए आर्कषण का केंद्र बने। उनका ये अंदाज सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हुआ। सोशल मीडिया पर वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद कुछ लोगों ने इसपर प्रतिक्रियाएं देनी शुरु कीं।

---

**विस चुनाव को लेकर सियासी उठापटक तेज, बंगाल में तृणमूल की कठिन परीक्षा**

# असम में कांग्रेस को झटका, सांसद प्रद्युत बोरदोलोई भाजपा में शामिल

**प्रियंका गांधी बोली प्रद्युत का इस्तीफा दुर्भाग्यपूर्ण, काश बातचीत का मौका मिलता।**

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता एवं लोकसभा सदस्य प्रद्युत बोरदोलोई असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अन्य नेताओं की मौजूदगी में बुधवार को यहां भाजपा में शामिल हो गए। बोरदोलोई ने कांग्रेस से मंगलवार को इस्तीफा दे दिया था। असम के मुख्यमंत्री ने यहां संवाददाताओं से कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बोरदोलोई के पार्टी में शामिल होने को मंगलवार को मंजूरी दी। असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेता एवं मौजूदा सांसद प्रद्युत बोरदोलोई भाजपा में शामिल हो गए। हमारी प्रदेश इकाई के अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने पार्टी में उनका स्वागत किया।" कांग्रेस की प्रदेश इकाई में मीडिया विभाग के अध्यक्ष बेदब्रत बोरा ने बताया था कि बोरदोलोई ने इस्तीफा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भेजा है। एआईसीसी के असम प्रभारी महासचिव जितेंद्र सिंह और राज्य पार्टी प्रमुख गौरव गोगोई ने दावा किया कि यह परिवार के भीतर के मतभेदों का मामला है।



असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की मौजूदगी में कांग्रेस के नेता एवं मौजूदा सांसद प्रद्युत बोरदोलोई भाजपा में शामिल हुए। फोटो : एजेंसी

#### सहयोगियों को 37 सीटें देंगे: सीएम सरमा

असम चुनाव के लिए एनडीए का सीट शेयरिंग फार्मूला तय हो गया है। 126 विधानसभा में से बीजेपी सबसे ज्यादा 89 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। वहीं एजीपी 26 और बीपीएफ 11 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। सरमा ने घोषणा की थी कि विधानसभा चुनाव में भाजपा सहयोगियों को 37 सीटें दी जाएंगी।

#### प्रदेश उपाध्यक्ष नवज्योति ने भी छोड़ी पार्टी



वहीं असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष नवज्योति तालुकदार ने मल्लिकार्जुन खरगे को भेजे गए अपने त्यागपत्र में कहा है कि मैंने पार्टी में कामकाज को लेकर लंबे समय से चली आ रही असंतुष्टि व समन्वय की कमी के कारण यह निर्णय लिया गया है। ऐसी परिस्थितियों में पद पर बने रहना न तो स्वीकार्य है और न ही फलदायी।

#### बंगाल में 13 अफसरों का तबादला

कोलकाता (भाषा)। निर्वाचन आयोग ने बुधवार को पश्चिम बंगाल में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 13 अधिकारियों का तबादला करने का आदेश दिया, जिसमें कई जिलाधिकारियों (डीएम) को नियुक्त किया गया है। इन्हें जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) के रूप में भी नामित किया गया है और उन्हें चुनाव पर्यवेक्षकों के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। स्मिता पांडे को कोलकाता नगर निगम की नगर आयुक्त और कोलकाता उत्तर की डीईओ के रूप में तैनात किया गया है, जबकि रणधीर कुमार कोलकाता दक्षिण के डीईओ के रूप में कार्यभार संभालेंगे। निर्वाचन आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ये अधिकारी स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इनमें से कई अधिकारी जिला स्तर पर चुनाव की तैयारियों और संचालन की बारीकी से निगरानी करने के लिए पर्यवेक्षक के रूप में भी कार्य करेंगे।

---



**कृषि मंत्री शिवराज का लोकसभा में कांग्रेस पर कटाक्ष**

# एमएसपी पर कांग्रेस के 'हाथी के दांत खाने के और, दिखाने के और'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

- नेहरू ने लाल किले से सिर्फ छह बार किसान का जिक्र किया
- प्रधानमंत्री मोदी ने 207 बार किसान का उल्लेख लिया

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के मुद्दे पर लोकसभा में कांग्रेस सदस्यों के हमले को लेकर पलटवार करते हुए बुधवार को कहा कि इस विषय पर मुख्य विपक्षी दल के 'हाथी के दांत खाने के और, दिखाने के और' हैं।

उन्होंने सदन में वर्ष 2026-27 के लिए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदान की मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस नीत (पूर्ववर्ती) सरकार ने लागत पर 50 प्रतिशत के फार्मूले के आधार पर एमएसपी देने से इनकार कर दिया था, लेकिन नरेन्द्र मोदी सरकार ने किसानों को यह दिया है। कृषि मंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए यह भी कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने लाल किले की प्राचीर से सिर्फ छह बार किसान का जिक्र किया, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 207 बार किसान का उल्लेख किया है।

#### सरकार के तीन प्रमुख लक्ष्य

कृषि को लेकर सरकार का तीन प्रमुख लक्ष्य खाद्य सुरक्षा प्रदान करना, किसान की आजीविका सुरक्षित करना और बढ़ाना तथा लोगों को पोषक आहार उपलब्ध कराना है। खाद्यान का उत्पान और बागवानी में रिकॉर्ड उत्पादन हुआ।

---

**केंद्रीय कैबिनेट ने चार बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी**

# 'भव्य', कृषि और इंफ्रा प्रोजेक्ट्स के लिए 54,926 करोड़ रुपये मंजूर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

### प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक

पीएम मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की अहम बैठक में देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए कई बड़े फैसले लिए गए हैं। सरकार ने उद्योग, कृषि, सड़क निर्माण और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों को लक्षित करते हुए कुल 54,926 करोड़ के भारी-भरकम वित्तीय परिव्यय वाली 4 प्रमुख योजनाओं पर मुहर लगाई है।

यह कदम भारत के समग्र आर्थिक विकास और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इन फैसलों की जानकारी दी।

#### केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने दी जानकारी



भारत औद्योगिक विकास योजना (भव्या): केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण योजना को मंजूरी दे दी है। 'भारत औद्योगिक विकास योजना (भव्या)' नामक इस केंद्रीय क्षेत्र की योजना के लिए 33,660 करोड़ का परिव्यय निर्धारित किया गया है। इस योजना के तहत देशभर में 100 निवेश-तैयार प्लग-एंड-प्ले औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य उद्योगों के लिए बुनियादी ढांचा तैयार करना है।

### लघु पनबिजली योजना

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2,585 करोड़ के परिव्यय वाली एक लघु जलविद्युत विकास योजना को मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकारों को बताया कि 2,585 करोड़ के परिव्यय के साथ लघु जलविद्युत विकास योजना को मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है। वैष्णव ने कहा कि देश में 7,133 स्थलों पर 21,000 मेगावाट क्षमता वाली लघु जलविद्युत परियोजनाओं की संभावनाएं हैं। देश में 1,196 स्थलों पर 5,100 मेगावाट की लघु जलविद्युत परियोजनाएं कार्यरत हैं। इनकी क्षमता 1 मेगावाट से 25 मेगावाट तक है।

---

# एलन में जेईई-नीट बैच की तिथियों की घोषणाएं



कोटा। बोर्ड परीक्षाएं समाप्त होने के बाद अब डॉक्टर और इंजीनियर के रूप में कॅरियर बनाने के लिए स्टूडेंट्स ने एडमिशन प्रक्रिया शुरू कर दी है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा व अन्य सेंटर्स पर आईआईटी-जेईई व नीट-यूजी प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए नए बैच के तिथियों की घोषणा हो चुकी है। बैच मार्च के अतिम सप्ताह में शुरू हो रहे हैं।एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा के प्रसीडेंट विनोद कुमावत ने बताया कि एलन की ओर से आगामी कई तिथियों में एलन स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट (ए-सेट) का आयोजन स्थानीय व राष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा है। एसेट में शामिल होकर स्टूडेंट्स एडमिशन पर 90 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकते हैं।।मुख्य रूप से एलन कोटा में कक्षा 10 से 11 में जाने वाले स्टूडेंट्स के लिए जेईई-मेन, जेईई-एडवांस्ड एवं नीट-यूजी के नर्चर बैच 25 मार्च व 2 अप्रैल से प्रारंभ होंगे। कक्षा 11 से 12 में जाने वाले जेईई-मेन व जेईई-एडवांस्ड के लिए बैच 2 अप्रैल जबकि नीट-यूजी के लिए 3 अप्रैल व 23 अप्रैल को प्रारंभ होंगे। इसी प्रकार वहीं 12वीं उत्तीर्ण स्टूडेंट्स के लिए जेईई-मेन व जेईई-एडवांस्ड के बैच 26 मार्च एवं 15 अप्रैल और नीट-यूजी के बैच 7 अप्रैल व 21 अप्रैल से प्रारंभ होंगे। एलन के प्री-नर्चर एंड कॅरियर फाउंडेशन डिवीजन (पीएनसीएफ) कक्षा 6 से 8वीं तक के स्टूडेंट्स के लिए बैच 9 अप्रैल व 13 मई] कक्षा 9वीं के लिए 6 अप्रैल व 13 मई एवं कक्षा 10वीं के स्टूडेंट्स के लिए 2 अप्रैल व 13 मई से बैच प्रारंभ होंगे। ए-सेट के माध्यम से हर स्ट्रीम का स्टूडेंट स्वयं का असेसमेंट कर सकता है।

---

### विवाहित से परिवार के किसी सदस्य की देखभाल में सहायता करने के लिए कहना क्रूरता नहीं: अदालत

नई दिल्ली (भाषा)। ल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि किसी विवाहित महिला से परिवार के किसी सदस्य की देखभाल में मदद करने के लिए केवल कहना आपराधिक कानून के तहत क्रूरता नहीं है। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने यह फैसला पत्नी के खिलाफ कथित क्रूरता और घरेलू हिंसा के आरोप में पति और उसके परिवार के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों को रद्द करते हुए सुनाया। दोनों पक्षों ने 2005 में उत्तराखंड के हल्द्वानी में हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह किया था। आपसी सहमति से यह तय हुआ था कि विवाह के बाद पति पत्नी रानीखेत स्थित याचिकाकर्ता के घर में रहेंगे, लेकिन पत्नी जल्द ही दिल्ली में अपनी मां के घर वापस चली गई और अपने पति पर भी वहीं रहने का दबाव डाला। पति को 2012 में एकतरफा तलाक का आदेश दे दिया गया था।

### 'इंडियन प्रीमियर लीग' नाम का इस्तेमाल करने संबंधी जनहित याचिका अदालत ने खारिज की

कोच्चि (भाषा। केरल उच्च न्यायालय ने उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें दावा किया गया था कि बीसीसीआई की पेशेवर टी20 क्रिकेट लीग 'इंडियन प्रीमियर लीग' नाम का इस्तेमाल नहीं कर सकती है। याचिकाकर्ता आशिक करोथ ने स्वयं को एक समाजसेवी कार्यकर्ता बताया और दलील दी कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा 'इंडियन प्रीमियर लीग' नाम का उपयोग अवैध है। मुख्य न्यायाधीश सौमेन सेन और न्यायमूर्ति श्याम कुमार वी एम की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता को हाल ही में पता चला है कि आईपीएल देश का आधिकारिक क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं है।

### गुजरात सरकार ने यूसीसी विधेयक विस में पेश किया

गांधीनगर (भाषा)। गुजरात सरकार ने बुधवार को 'गुजरात समान नागरिक संहिता, 2026' विधेयक विधानसभा में पेश किया, जिसका उद्देश्य धर्म, जाति या पंथ की परवाह किए बिना विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और सहजीवन संबंध से संबंधित कानूनों को विनियमित करना है। अन्य बातों के अलावा, इसमें सहजीवन संबंध (लिव-इन रिलेशनशिप) के पंजीकरण के साथ-साथ औपचारिक घोषणा के माध्यम से उन्हें समाप्त करने का प्रावधान भी है।

**PUBLIC NOTICE**

**NISSAN MOTOR INDIA PVT. LTD.**

The present publication is being issued on behalf of M/s Nissan Motor India Private Limited **("NMIPL")** to state that **BA MOTORS PVT. LTD. (BA Nissan)** has ceased to be an Authorised Display Center & NASS (Nissan Authorized Service Station) Workshop of NMIPL on 1st February 2026 at the following location-

- Showroom (Dealer Code-D07A): Khasra No. 3878, 119/4 KM Stone G T Road, Karnal-132001, Haryana.
- NASS Workshop (Dealer Code - KA2B): Khasra No. 3878, 119/4 KM Stone G T Road, Karnal-132001, Haryana.

and has no right to accept any fresh bookings henceforth including the vehicles already available in the dealership stock.

It is further informed that NMIPL has no connection whatsoever with any fresh bookings offered at the aforementioned location by BA Nissan. Any person or entity making any fresh bookings for selling Nissan vehicles or servicing the same with BA Nissan at the above mentioned location will be doing so at their own risk with no claims against NMIPL.

This information is issued in the interest of General Public.

---

**कड़ी टिप्पणी** ईडी रेड में ममता की दखलंदाजी से सुप्रीम कोर्ट नाराज

# आईपैक दफ्तर पहुंचकर आपने ठीक नहीं किया

- प्रवर्तन निदेशालय ने कहा राज्य में सत्ता का दुरुपयोग

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को आईपैक के दफ्तर में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रेड के दौरान पश्चिम बंगाल की सीएम के अचानक पहुंचने पर सवाल उठाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आपने वहां पहुंचकर ठीक नहीं किया। ऐसे असामान्य हालात में केंद्रीय एजेंसी को क्या करना चाहिए। अगर कल कोई और मुख्यमंत्री भी ऐसी छापेमारी में घुस जाए तो क्या ईडी के पास कोई समाधान नहीं होगा। ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में ममता के आईपैक के कार्यालय और प्रतीक जैन के घर और कार्यालय से लैपटॉप, फोन और कई दस्तावेज ले जाने को सत्ता का गंभीर दुरुपयोग बताया है। एजेंसी ने मुख्यमंत्री और उनके साथ आए अधिकारियों के खिलाफ पुलिस केस दर्ज करने की मांग भी की है।



#### यह है मामला

8 जनवरी को ईडी की टीम ने प्रतीक जैन के कोलकाता के गुलाउडन स्ट्रीट स्थित घर और दूसरी टीम सॉल्टलेक स्थित दफ्तर पर छापा मारा था। प्रतीक जैन ही ममता बनर्जी के लिए पॉलिटिकल स्ट्रैटजी तैयार करते हैं। कार्रवाई सुबह 6 बजे से शुरू हुई थी, लेकिन करीब 11:30 बजे के बाद मामला बढ़ा। सबसे पहले कोलकाता पुलिस कमिश्नर, प्रतीक के आवास पर पहुंचे। कुछ समय बाद सीएम ममता बनर्जी खुद लाउडन स्ट्रीट स्थित उनके घर पहुंच गईं। ममता वहां कुछ देर रुकीं। जब बाहर निकलीं, तो उनके हाथ में एक हरी फाइल दिखाई दी। इसके बाद वे आईपैक के ऑफिस भी गईं।

---

**सीजेआई सूर्यकांत के पास पहुंची केजरीवाल की शिकायत**

# जज बदलने की मांग को बताया 'न्यायिक अनुशासन पर चोट'



नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से कथित शराब घोटाले की सुनवाई के लिए जज बदलवाने की मांग का मुद्दा अब चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) जस्टिस सूर्यकांत तक पहुंच गया है। कई वकीलों, शिक्षाविदों और पूर्व अधिकारियों ने सीजेआई को लेटर लिखकर आम आदमी पार्टी (आप) के मुखिया की शिकायत की है और इस तरह जज बदलने की मांग की आलोचना की है। उन्होंने न्यायपालिका के सम्मान और स्वतंत्रता को संरक्षण देने के लिए कदम उठाए जाने की मांग की है। ट्रायल कोर्ट ने कथित शराब घोटाले में केजरीवाल समेत 23 आरोपियों को आरोपमुक्त कर दिया था। सीबीआई ने इसे हाई कोर्ट में चुनौती दी है। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की बेंच के पास यह केस जाने के बाद केजरीवाल ने चीफ जस्टिस को जज बदलने की मांग की

सत्यमेव जयते

**भारत सरकार**
**भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण**
**तृतीय तल, उड़ान भवन, सफदरजंग हवाई अड्डा,**
**नई दिल्ली–110003**

**भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण में परामर्शदाता (राजभाषा) (कुल एक (01) पद) को हायर करने के लिए आवेदन आमंत्रण**

भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण (एईआरए) कार्य क्षेत्र की शर्तों (टीओआर) के तौर पर कार्य करने के लिए में परामर्शदाता (राजभाषा) (कुल एक (01) पद) के तौर पर पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है। निर्धारित अनुसार अपेक्षित योग्यता और अनुभव सहित उम्मीदवार को इंगित रिक्ति के अनुरूप सम्बन्धित श्रेणी में हायर किया जाएगा। रिक्तियां बिना कोई कारण बताए, चाहे जो भी हो, और बिना किसी पूर्व सूचना के परिवर्तित की जा सकती हैं।

2. पात्रता मानदंड समेत विवरण, कार्य क्षेत्र की शर्तें (टीओआर) इत्यादि एईआरए की वेबसाइट www.aera.gov.in पर प्रकाशित रिक्ति सूचना में उपलब्ध हैं। आवेदन की प्राप्ति की अन्तिम तिथि 08.04.2026 अप. 5.30 बजे तक है। आवेदन रिक्ति सूचना में वर्णित विवरण/मोड के अनुरूप जमा करवाए जाने होंगे। निर्धारित तिथि और समय के पश्चात प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उप प्रमुख
भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण, तृतीय तल,
उड़ान भवन, सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली–110003
CBC 03112/12/0023/2526

## चिंतन

# युद्ध रुकवाने में कूटनीतिक क्षमता का प्रयोग करे भारत

दुनिया एक बार फिर अस्थिरता के दौर से गुजर रही है। अलग-अलग मोर्चों पर भड़कते संघर्ष न केवल क्षेत्रीय शांति को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा सुरक्षा और मानवीय मूल्यों पर भी गहरा असर डाल रहे हैं। ऐसे समय में भारत की कूटनीतिक भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। भारत ने हमेशा से ही एक संतुलित, व्यावहारिक और दूरदर्शी विदेश नीति अपनाई है, जो आज के जटिल वैश्विक परिदृश्य में उसकी सबसे बड़ी ताकत बनकर उभर रही है। चाहे रूस-यूक्रेन युद्ध हो, अफगानिस्तान में सत्ता परिवर्तन का दौर हो या पश्चिम एशिया में अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव। भारत ने हर मोर्चे पर अपने राष्ट्रीय हितों के साथ-साथ वैश्विक संतुलन को भी प्राथमिकता दी है। यही वजह है कि भारत एक साथ रूस से हथियार और ऊर्जा संसाधन लेता है तो यूक्रेन के साथ भी मानवीय संबंध बनाए रखता है। यह संतुलन केवल नीति नहीं, बल्कि एक परिपक्व कूटनीतिक सोच का प्रतीक है। आज स्थिति यह है कि भारत के संबंध अमेरिका, इजराइल और ईरान तीनों के साथ मजबूत और विश्वासपूर्ण हैं। यही कारण है कि होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे संवेदनशील क्षेत्र से भारत के तीन जहाज (दो एलपीजी के और तेल से भरा) सुरक्षित निकलकर देश तक पहुंच पाए हैं। यह केवल संयोग नहीं, बल्कि विश्वास और संवाद पर आधारित कूटनीति का परिणाम है। अब प्रश्न यह है कि क्या भारत इस स्थिति का उपयोग केवल अपने हितों की रक्षा तक सीमित रखे या फिर एक बड़ी वैश्विक जिम्मेदारी निभाने की दिशा में कदम बढ़ाए? स्पष्ट रूप से, यह समय भारत के लिए एक निर्णायक अवसर लेकर आया है। भारत यदि चाहे तो वह एक मध्यस्थ की भूमिका निभाते हुए युद्ध विराम की दिशा में पहल कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति ने पिछले कुछ वर्षों में एक नया आत्मविश्वास प्राप्त किया है। यही कारण है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की बात गंभीरता से सुनी जाती है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन द्वारा भारत के साथ संवाद स्थापित करना और मानवीय सहायता को स्वीकार करना इस बात का संकेत है कि भारत को एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, युद्ध में शामिल पक्षों के अपने-अपने रणनीतिक हित, राजनीतिक दबाव और क्षेत्रीय समीकरण हैं। ऐसे में किसी भी प्रकार की मध्यस्थता आसान नहीं होती। इतिहास गवाह है कि कठिन परिस्थितियों में ही बड़े कूटनीतिक कदम उठाए जाते हैं। भारत के पास वह नैतिक आधार, विश्वसनीयता और संतुलित दृष्टिकोण है, जो उसे इस भूमिका के लिए उपयुक्त बनाता है। दिलचस्प यह भी है कि घरेलू राजनीति में मतभेदों के बावजूद, विदेश नीति के इस पहलू पर व्यापक सहमति दिखाई दे रही है। कांग्रेस नेताओं जैसे शशि थरूर और मनीष तिवारी द्वारा सरकार की कूटनीति की सराहना यह दर्शाती है कि राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर एक साझा दृष्टिकोण बन रहा है। यह भारत की लोकतांत्रिक मजबूती का भी संकेत है। आज दुनिया को ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है, जो टकराव के बजाय संवाद को प्राथमिकता दे। जो शक्ति प्रदर्शन के बजाय शांति स्थापना को महत्व दे। भारत की परंपरा "वसुधैव कुटुंबकम्" इसी विचार को आगे बढ़ाती है। यह केवल एक आदर्श वाक्य नहीं, बल्कि एक व्यवहारिक कूटनीतिक दर्शन है, जिसे आज के समय में लागू करने की आवश्यकता है। अब समय है पहल का, क्योंकि शांति की हर कोशिश भविष्य को सुरक्षित बनाती है।



विभीषिका
ममता कुशवाहा

# विनाश के बीच विलुप्त होती संवेदनाएं

युद्ध की त्रासदी का सबसे भयावह पक्ष यह है कि इसकी कीमत वे लोग चुकाते हैं, जिनका युद्ध से कोई सीधा संबंध नहीं होता। निर्दोष नागरिक, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग, ये सभी इस हिंसा के सबसे आसान शिकार बन जाते हैं। हाल के दिनों में काबुल में हुए हवाई हमले में अस्पताल को निशाना बनाया जाना केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि मानवता के विरुद्ध एक गंभीर अपराध है। यदि मानवता को बचाना है तो हमें युद्ध के उन्माद से ऊपर उठकर शांति, सह-अस्तित्व और करुणा के मार्ग को अपनाना होगा। अन्यथा, इतिहास हमें एक ऐसी सभ्यता के रूप में याद करेगा, जिसने अपनी ही उपलब्धियों के बीच अपने मूल्यों को खो दिया।

आज जब विज्ञान, तकनीक और वैश्वीकरण के सहारे मानव सभ्यता अभूतपूर्व प्रगति के शिखर की ओर अग्रसर है, उसी समय विश्व के अनेक हिस्सों में युद्ध का उन्माद मानवीय मूल्यों को रौंदता हुआ आगे बढ़ रहा है। यह विरोधाभास अत्यंत पीड़ादायक है कि एक ओर मनुष्य अंतरिक्ष में नई सीमाएं खोज रहा है, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से जीवन को सुगम बना रहा है, वहीं दूसरी ओर उसी मनुष्य के भीतर हिंसा, प्रतिशोध और वर्चस्व की प्रवृत्तियां इतनी प्रबल हो उठी हैं कि वह अपने ही अस्तित्व के मूल आधार मानवता को नष्ट करने पर आमादा है। गाजा से लेकर यूक्रेन और अफगानिस्तान तक फैले युद्ध के दृश्य यह संकेत देते हैं कि आधुनिक सभ्यता की चमक के पीछे एक गहरा अंधकार भी मौजूद है, जिसमें संवेदनाएं दम तोड़ रही हैं। युद्ध की त्रासदी का सबसे भयावह पक्ष यह है कि इसकी कीमत वे लोग चुकाते हैं, जिनका युद्ध से कोई सीधा संबंध नहीं होता।

निर्दोष नागरिक, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग, ये सभी इस हिंसा के सबसे आसान शिकार बन जाते हैं। हाल के दिनों में काबुल में हुए हवाई हमले में अस्पताल को निशाना बनाया जाना केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि मानवता के विरुद्ध एक गंभीर अपराध है। अस्पताल, जो जीवन बचाने का प्रतीक होता है, जब वही विनाश का केंद्र बन जाए तो यह केवल नियमों का उल्लंघन नहीं, बल्कि सभ्यता की आत्मा पर प्रहार है। चार सौ निर्दोष लोगों की मृत्यु केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि चार सौ परिवारों के उजड़ने की कहानी है, चार सौ सपनों के टूटने की पीड़ा है। अंतरराष्ट्रीय कानून और युद्ध संबंधी नियम, जिन्हें जिनेवा कन्वेंशन जैसे समझौतों के माध्यम से स्थापित किया गया है, स्पष्ट रूप से यह निर्धारित करते हैं कि युद्ध के दौरान नागरिकों, अस्पतालों, स्कूलों और शरणार्थी शिविरों को निशाना नहीं बनाया जाएगा। इन नियमों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि युद्ध की विभीषिका के बीच भी कुछ मानवीय मर्यादाएं बनी रहें। किंतु वर्तमान समय में इन नियमों का उल्लंघन जिस निर्लज्जता के साथ किया जा रहा है, वह चिंताजनक है।

यह केवल नियमों की अवहेलना नहीं, बल्कि यह दर्शाता है कि शक्ति और प्रभुत्व की राजनीति ने नैतिकता को पूरी तरह पीछे छोड़ दिया है। युद्ध के पीछे निहित कारणों की पड़ताल करें तो स्पष्ट होता है कि यह केवल सीमाओं या संसाधनों का संघर्ष नहीं है, बल्कि इसमें राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं, धार्मिक कट्टरता, आर्थिक स्वार्थ और वैश्विक शक्ति संतुलन की जटिलताएं भी शामिल हैं। जब राष्ट्र अपने हितों को सर्वोपरि मानकर निर्णय लेते हैं तो वे अक्सर मानवीय मूल्यों की उपेक्षा कर देते हैं।

यह प्रवृत्ति विशेष रूप से तब और खतरनाक हो जाती है, जब शक्तिशाली देश अपने प्रभाव का उपयोग करके अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को भी निष्क्रिय बना देते हैं। परिणामस्वरूप, संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाएं भी कई बार केवल दर्शक बनकर रह जाती हैं और पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पाता। युद्ध का एक और भयावह पहलू



शरणार्थी संकट के रूप में सामने आता है। जब लोग अपने घरों से विस्थापित होकर शरणार्थी शिविरों में रहने को मजबूर होते हैं तो उनका जीवन असुरक्षा, अभाव और अनिश्चितता से भर जाता है।

भोजन, पानी, स्वास्थ्य सेवाएं और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव उनके जीवन को और भी कठिन बना देता है। विशेष रूप से बच्चों पर इसका गहरा प्रभाव पड़ता है, जिनका बचपन भय और अस्थिरता के बीच बीतता है। यह केवल एक पीढ़ी का संकट नहीं, बल्कि आने वाले भविष्य के लिए भी एक गंभीर चुनौती है, क्योंकि ऐसे माहौल में पले-बढ़े बच्चे अक्सर हिंसा और असुरक्षा के चक्र में फंस जाते हैं। धार्मिक और सांस्कृतिक संदर्भों में भी युद्ध की यह संवेदनहीनता अत्यंत चिंताजनक है। रमजान जैसे पवित्र महीने में हिंसा का बढ़ना यह दर्शाता है कि आध्यात्मिक मूल्यों और नैतिक शिक्षाओं का प्रभाव कम होता जा रहा है। धर्म, जो मूलतः शांति, करुणा और सह-अस्तित्व का संदेश देता है, जब राजनीति और सत्ता के उपकरण के रूप में उपयोग होने लगता है तो उसकी मूल भावना विकृत हो जाती है। यह स्थिति न केवल समाज को विभाजित करती है, बल्कि हिंसा को भी वैधता प्रदान करने का प्रयास करती है। मीडिया और तकनीक की भूमिका भी इस संदर्भ में महत्वपूर्ण है।

आज युद्ध के दृश्य तुरंत पूरी दुनिया तक पहुंच जाते हैं, जिससे एक ओर जागरूकता बढ़ती है, वहीं दूसरी ओर संवेदनहीनता भी बढ़ने का खतरा रहता है। लगातार हिंसा के दृश्य देखने से लोगों के भीतर एक प्रकार की उदासीनता विकसित हो सकती है, जिससे वे इन घटनाओं को सामान्य मानने लगते हैं। यह स्थिति और भी खतरनाक है, क्योंकि जब समाज संवेदनहीन हो जाता है तो अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने की शक्ति भी कमजोर पड़ जाती है। इस पूरी स्थिति में सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि इस हिंसा को रोकने की जिम्मेदारी किसकी है? क्या यह केवल सरकारों और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं का दायित्व है, या समाज और व्यक्तियों की भी इसमें कोई भूमिका है? वास्तव में, यह एक सामूहिक जिम्मेदारी है। सरकारों को चाहिए कि वे युद्ध के बजाय कूटनीति और संवाद का मार्ग अपनाएं, अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन सुनिश्चित करें और मानवाधिकारों की रक्षा को प्राथमिकता दें। वहीं, अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भी अधिक सक्रिय भूमिका निभानी होगी, ताकि नियमों का उल्लंघन करने वाले देशों को जवाबदेह बनाया जा सके। समाज और नागरिकों की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। जागरूकता, सहानुभूति और मानवता के मूल्यों को बढ़ावा देकर ही हम इस संकट का सामना कर सकते हैं। शिक्षा और संवाद के माध्यम से लोगों को यह समझाना आवश्यक है कि युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं, बल्कि एक नई समस्या की शुरुआत है।

हमें यह भी स्वीकार करना होगा कि शांति केवल समझौतों से नहीं, बल्कि मानसिकता के परिवर्तन से आती है। वास्तव में यह समय आत्ममंथन का है। हमें यह विचार करना होगा कि क्या हमारी प्रगति वास्तव में हमें अधिक मानवीय बना रही है, या हम केवल तकनीकी रूप से उन्नत होकर नैतिक रूप से पिछड़ते जा रहे हैं। यदि मानवता को बचाना है तो हमें युद्ध के उन्माद से ऊपर उठकर शांति, सह-अस्तित्व और करुणा के मार्ग को अपनाना होगा। अन्यथा, इतिहास हमें एक ऐसी सभ्यता के रूप में याद करेगा, जिसने अपनी ही उपलब्धियों के बीच अपने मूल्यों को खो दिया।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## नवरात्रि का संदेश

मुनीष भाटिया



# शक्ति की आराधना और धर्म का सच्चा पालन

भारत की सनातन परंपरा में नवरात्रि केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि आध्यात्मिक जागरण, आत्मशुद्धि और शक्ति-साधना का पावन काल है। यह वह समय है जब संपूर्ण सृष्टि आदिशक्ति मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की आराधना में लीन हो जाती है। नौ दिनों तक चलने वाला यह पर्व हमें न केवल भक्ति और श्रद्धा का मार्ग दिखाता है, बल्कि धर्म, न्याय और मर्यादा के पालन की प्रेरणा भी देता है। नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ रूपों- शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री-की पूजा की जाती है। ये सभी स्वरूप केवल देवी के रूप नहीं हैं, बल्कि मानव जीवन के आंतरिक गुणों और आध्यात्मिक शक्तियों के प्रतीक हैं। शैलपुत्री हमें स्थिरता और संकल्प का संदेश देती हैं, ब्रह्मचारिणी तप और संयम का, चंद्रघंटा साहस का, और कात्यायनी धर्म और न्याय की रक्षा का प्रतीक हैं। शास्त्रों में कहा गया है-यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता अर्थात जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है। यह वाक्य केवल एक श्लोक नहीं, बल्कि हमारे धर्म का मूल सिद्धांत है।

नवरात्रि का पर्व हमें यही सिखाता है कि नारी केवल पूजनीय नहीं, बल्कि सृष्टि की मूल शक्ति है। मां दुर्गा स्वयं उस शक्ति का प्रतीक हैं, जो सृष्टि का निर्माण, पालन और संहार-तीनों करती हैं। जब हम अपने समाज की वास्तविकता को देखते हैं, तो एक गहरी विडंबना सामने आती है। एक ओर हम पूरे विधि-विधान से देवी की पूजा करते हैं, व्रत रखते हैं, भजन-कीर्तन करते हैं, वहीं दूसरी ओर समाज में महिलाओं और बालिकाओं के प्रति असम्मान और हिंसा की घटनाएं हमें विचलित करती हैं। यह स्थिति केवल सामाजिक नहीं, बल्कि धार्मिक दृष्टि से भी चिंताजनक है, क्योंकि धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, बल्कि आचरण में प्रकट होना चाहिए। नवरात्रि हमें यह स्मरण कराती है कि असली पूजा मूर्ति की नहीं, बल्कि शक्ति के स्वरूप का सम्मान करने में है। यदि हम मंदिर में देवी के चरणों में फूल अर्पित करते हैं, लेकिन अपने घर, समाज या कार्यस्थल पर किसी महिला का अपमान करते हैं तो हमारी पूजा अधूरी है। धर्म का सार केवल मंत्रोच्चार में नहीं, बल्कि हमारे व्यवहार में निहित होता है। मां दुर्गा का प्रत्येक रूप हमें यह संदेश देता है कि अधर्म और अन्याय के विरुद्ध खड़ा होना ही सच्चा धर्म है।

जब महिषासुर जैसे दानवों ने अत्याचार की सीमा पार कर दी, तब देवी ने उनका संहार कर धर्म की रक्षा की। यह कथा केवल पौराणिक नहीं, बल्कि एक शाश्वत सत्य है कि जब भी अन्याय बढ़ता है, तब शक्ति का प्रकट होना आवश्यक होता है। आज के संदर्भ में यह शक्ति केवल देवी के रूप में नहीं, बल्कि समाज की प्रत्येक महिला और बालिका के रूप में उपस्थित है। आवश्यकता इस बात की है कि हम उन्हें कमजोर नहीं, बल्कि शक्ति स्वरूपा के रूप में देखें। नवरात्रि का उपवास केवल शरीर को शुद्ध करने के लिए नहीं, बल्कि मन और विचारों को भी पवित्र करने का अवसर है। धार्मिक दृष्टि से यह भी आवश्यक है कि हम अपने बच्चों को केवल पूजा की विधि ही न सिखाएं, बल्कि नारी सम्मान, मर्यादा और सदाचार के संस्कार भी दें। जब तक हमारी आने वाली पीढ़ी यह नहीं समझेगी कि हर महिला में देवी का अंश है, तब तक समाज में वास्तविक परिवर्तन संभव नहीं है। इसके साथ ही आत्मरक्षा भी एक प्रकार की धर्म-साधना है। जैसे मां दुर्गा ने अपने अस्त्र-शस्त्रों से अधर्म का नाश किया, वैसे ही आज की महिलाओं को भी अपने आत्मबल और साहस को जागृत करना होगा। यह केवल अधिकार नहीं, बल्कि एक प्रकार का धर्म पालन है। समाज और परिवार को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि नारी की गरिमा बनी रहे। यदि किसी भी रूप में उसका अपमान होता है तो उसके विरुद्ध आवाज उठाना केवल सामाजिक कर्तव्य नहीं, बल्कि धार्मिक उत्तरदायित्व भी है। अंततः, नवरात्रि हमें यह संदेश देती है कि 'शक्ति की उपासना तभी पूर्ण होती है, जब हम उस शक्ति का सम्मान अपने व्यवहार में भी करें।' इस स्थिति से निपटने के लिए केवल कानून और दंड पर्याप्त नहीं होंगे, बल्कि समाज की मानसिकता में बदलाव सबसे महत्वपूर्ण है। इसके लिए कुछ ठोस कदम उठाए जाने आवश्यक हैं।

सबसे पहले, बच्चों को केवल पढ़ाई-लिखाई ही नहीं, बल्कि नैतिक और सामाजिक मूल्यों की भी शिक्षा दी जानी चाहिए ताकि वे सम्मान, संवेदना और सह अस्तित्व जैसे जीवन के मूल सिद्धांतों को समझ सकें। सच्ची नवरात्रि वही होगी, जब हमारे मंदिरों के साथ-साथ हमारे मन भी पवित्र हों, और हमारे कर्म यह प्रमाण दें कि हम वास्तव में शक्ति के उपासक हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जितने भक्त, उतने ही भक्ति के रूप



संकलित
**दर्शन**

मानस में भक्त के चार प्रकार बताए गए हैं- ज्ञानी, जिज्ञासु, अर्थार्थी एवं आर्त। चार प्रकार के भक्तों की बात कह देना बहुत सरल है। भक्ति में वास्तविकता-अवास्तविकता का प्रश्न पहले नहीं उठाया जाता। जब तैरना सीख जाएंगे, तभी नदी में उतरेंगे, ऐसा नहीं कहा जा सकता। इसका तो श्रीगणेश ही व्यक्ति की अपनी मान्यता से होता है। संसार सत्य है या असत्य? विषय को चाहना उचित है या अनुचित? प्रारंभिक स्थिति में इन विवादों की कोई आवश्यकता नहीं। यहां तो सीधा आमंत्रण है। तुम संकट से त्राण पाना चाहते हो! ये सब प्रभु से ही संभव है। ब्रह्म-सुख पाना चाहते हो, तो आओ, प्रारंभ कर दो प्रभु के चरणों में भक्ति। अर्थ और अभिलाषाओं की पूर्ति चाहते हो! रहस्य जानना चाहते हो! सब सर्वदा प्रभु द्वारा साध्य होगा।भय और लोभ की सहज वृत्ति से भक्ति का श्रीगणेश होता है। भगवान की जिज्ञासा भक्ति का मध्यभाग है। भगवान का सुख पाना, उसमें एक हो जाना, भक्ति की चरम परिणति है। भय से संत्रस्त आर्त हैं। लोभ से प्रेरित अर्थार्थी हैं। जानने की इच्छा वाला जिज्ञासु है। जान पाने वाला ज्ञानी है। मानस में-'ग्यानी प्रभुहि बिसेषि पिआरा' कहकर गोस्वामीजी ने पुष्ट कर दिया है। मानस में भक्तों की ओर देखें, तो साधारण से लेकर असाधारण चरित्र वाले अनेक पात्र हमारे सामने आते हैं। दशरथ, गीध, वाल्मीकि, शबरी, कोल, भील, वानर, निशाचर आदि सब वहां (भक्ति में) एक पंक्ति में खड़े हुए दिखाई देंगे।

# चेतन अमल सहज सुख रासी



संकलित
**प्रेरणा**

वस्तु, व्यक्ति और क्रिया- ये तीन चीजें दिखने में आती हैं। इनमें वस्तु तथा क्रिया- ये दोनों प्रकृति हैं और व्यक्ति रूप में जो दिखता है, यह शरीर भी प्रकृति ही है, परंतु इसके भीतर में जो न बदलने वाला है, यह परमात्मा का अंश है। अब अगर 'यह' वस्तु, क्रिया और व्यक्ति में नहीं उलझे, तो यह स्वाभाविक ही मुक्त है; क्योंकि 'यह' परमात्मा का साक्षात अंश है। इसके लिए कहा है- 'चेतन अमल सहज सुख रासी।' यह चेतन है, शुद्ध है, मलरहित है और सहज सुख राशि है, महान आनंद राशि है। यह महान आनंद राशि अपने स्वरूप की तरफ ध्यान न देकर संसार के संबंध से सुख चाहने लग गया। इससे यही भूल हुई है। यह संयोग जन्य सुख में फंस गया। जैसे, धन मिले, तो सुख हो। भोजन मिले, तो सुख हो। भोग मिले, तो सुख हो। कपड़ा, वस्तु, आदर, मान, सत्कार मिले, तो सुख हो। यह बड़े आश्चर्य की बात है कि स्वयं नित्य निरंतर रहने वाला है- 'सहज सुख रासी' स्वाभाविक ही सुख राशि है, परंतु इसमें यह वहम पड़ गया है कि संसार के पदार्थ मिलने से सुख होगा। यह बिछुड़ेगा जरूर ही 'संयोगा विप्रयोगान्ताः' जितने संयोग होते हैं, उनका अंत में वियोग होता है, तो संबंध से होने वाला सुख रहेगा कैसे? मनुष्य यह विचार नहीं करता है कि आज दिन तक संयोग से जितने सुख लिए थे, वे आज नहीं रहे। संयोग से होने वाले सुख का नमूना तो देख ही लिया; लेकिन अब भी चेत नहीं करते फिर और चाहते हैं कि संयोग से सुख ले लें।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पग-पग पर लगा व्यसन बाजार

जो पुरुषार्थ करते हैं, उन्हें आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषार्थ ही काम आता है। फिर वह पुरुषार्थ चाहे अर्थ का हो या धर्म का। पुरुषार्थ, पुरुषार्थ होता है। वर्तमान युग में व्यसनों के चक्र से बचने वाले को भी पुरुषार्थी समझना चाहिए। पग-पग पर आज व्यसनों का बाजार लगा है। इस बाजार की हवा से आप दूर रहें, यह आपके पुरुषार्थ से ही संभव है। व्यसनों से बचकर चलने वालों के साथ समृद्धि चलती है। जो व्यसन के जाल में फंस गया, वह दरिद्रता को आमंत्रण देता है। सज्जन व्यक्ति व्यसनग्रस्त लोगों से व्यसन त्यागने के लिए उन्हें प्रेरित करके उनका कल्याण चाहता है। सरकार भी चाहती है कि समाज व्यसनों से मुक्त बने। – *चैनसुख गुरहिया, झज्जर*

## ट्रेंड

### हार्दिक बधाई



पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष पद का दायित्व ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई। पूर्ण विश्वास है कि आपका समृद्ध अनुभव और समाज के वंचित वर्गों के प्रति संवेदनशील दृष्टि पिछड़े वर्गों के कल्याण को नई दिशा और गति प्रदान करेगी।

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### दिल्ली निवेश के लिए तैयार



दिल्ली ऐतिहासिक धरोहरों और विश्वस्तरीय पर्यटन स्थलों के साथ-साथ अपार अवसरों का शहर है। ऑरेंज इकॉनमी, डाटा सेंटर, आईटी हब और मेडिकल सेंटर्स जैसे विविध क्षेत्रों में दिल्ली निवेश के लिए पूरी तरह तैयार है।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### लॉ एंड आर्डर



उप्र में लॉ एंड आर्डर को ही गोली मार दी गयी है। मुख्यनगर गोरखपुर में दिनदहाड़े हुआ ये हत्याकांड बता रहा है कि बेख़ौफ़ अपराधियों को किसका प्रश्रय प्राप्त है। जनता समझदार है।

**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### गैस की कालाबाजारी



मुख्यमंत्री का यह दावा कि "गैस की कोई कमी नहीं है", जमीनी हकीकत से कोसों दूर है। सरकार अपनी नाकामी छिपाने के लिए जनता पर नियम थोपने के बजाय आपूर्ति सुनिश्चित करे और कालाबाजारी पर लगाम लगाए।

**-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## करंट अफेयर

# एनडीआरएफ के लिए अतिरिक्त बटालियन की कमी पर चिंता



संसद की एक स्थायी समिति ने इस बात पर चिंता जाहिर की है कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की परिचालन जिम्मेदारियां बढ़ने के बावजूद पिछले तीन वर्षों में इसके लिए कोई अतिरिक्त बटालियन नहीं खड़ी की गई। संसद के दोनों सदनों में प्रस्तुत रिपोर्ट में, गृह मंत्रालय की स्थायी संसदीय समिति ने आपदा प्रतिक्रिया में एनडीआरएफ की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की और अतिरिक्त कर्मियों के लिए आवश्यक वित्तपोषण सुनिश्चित करने की जरूरत पर जोर दिया। भाजपा सांसद राधा मोहन दास अग्रवाल की अध्यक्षता वाली समिति ने बल की विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में आपदा प्रबंधन में निभाई गई भूमिका और अंतरराष्ट्रीय मानवीय सहायता अभियानों में इसके योगदान की भी प्रशंसा की। समिति ने 2026-27 की अनुदान मांगों पर अपनी 257वीं रिपोर्ट में कहा ' ' बढ़ती परिचालन जिम्मेदारियों के बावजूद पिछले तीन वर्षों में एनडीआरएफ के लिए कोई अतिरिक्त बटालियन नहीं खड़ी की गई है और तैनात बल (14,837) स्वीकृत बल (18,581) से काफी कम है। समिति ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से कहा कि वह मानव संसाधन में अंतर का मूल्यांकन करे और रिक्तियों को भरने के उपाय तेज करे ताकि परिचालन तत्परता सुनिश्चित की जा सके।

## ऑफ बीट

# लद्दाख-मंगोलिया से आए प्रवासी राजहंस बने आकर्षण का केंद्र



सर्दी के जाने के साथ-साथ राजस्थान की झीलों और तालाबों से प्रवासी पक्षियों की विदाई लगभग पूरी हो चुकी है, लेकिन जयपुर के निकट चाकसू क्षेत्र में बोरखेड़ा गांव का तालाब इन दिनों एक अलग ही कहानी बयां कर रहा है। लद्दाख, मंगोलिया और तिब्बती पठार में पाए जाने वाले और सर्दी में उच्च हिमालय को पार कर दक्षिण एशिया की ओर प्रवास करने वाले प्रवासी पक्षी 'बार हेडेड गूज' जयपुर के निकट डेरा डाले हुए हैं। एक-दो की नहीं बल्कि 500 से अधिक 'बार-हेडेड गूज' के तीन बड़े-बड़े झुंड पक्षी प्रेमियों के आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं। पक्षी विशेषज्ञ डॉ. कमलेश शर्मा ने बताया कि स्थानीय बोलचाल में राजहंस के नाम से जाने-पहचाने वाले बार-हेडेड गूज सबसे ऊंचाई तक उड़ान भरने वाले पक्षियों में गिने जाते हैं। ये पक्षी 12,000 से 14,000 फुट की ऊंचाई तक उड़ान भर सकते हैं और प्रतिदिन बिना रुके लगभग 1,600 किलोमीटर तक की दूरी तय करने में सक्षम होते हैं। उन्होंने बताया कि इनके शरीर में पाया जाने वाला विशेष प्रकार का हीमोग्लोबिन कम ऑक्सीजन वाले वातावरण में भी अधिक ऑक्सीजन अवशोषित करने में मदद करता है, जिससे ये हिमालय के ऊंचे दर्रों को पार कर पाते हैं। पक्षी विशेषज्ञ शर्मा ने बताया कि बोरखेड़ा तालाब का अधिकांश हिस्सा सूख चुका है।

# प्रदेश के खिलाड़ी खेल मानचित्र में अग्रणी भूमिका निभा रहे : मेजर सत्यपाल सिंधु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

चौथी यूथ पुरुष व महिला हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग प्रतियोगिता 2026 बुधवार से शुरू हुई। चार दिवसीय टूर्नामेंट में हरियाणा के अलग-अलग जिलों से आए युवा खिलाड़ी ताकत, तकनीक और जोश से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। यह प्रतियोगिता महम बॉक्सिंग क्लब में आयोजित की जा रही है। इस मौके पर हरियाणा बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने कहा कि इन गेम्स का उद्देश्य खिलाड़ियों को मंच देना और उनमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने की भावना विकसित करना है। हरियाणा के खिलाड़ी देश के खेल मानचित्र में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं और आने वाले समय में ओलंपिक खेलों में राज्य की हिस्सेदारी और बढ़ेगी। संघ की ओर से खिलाड़ियों को आधुनिक प्रशिक्षण, बेहतर कोचिंग और सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं ताकि वे अपनी प्रतिभा को निखार सकें। बतौर मुख्य अतिथि अर्जुन अवार्डी एसीपी जयभगवान और अर्जुन अवार्डी एसीपी दिनेश ने शिरकत की। एसीपी जयभगवान ने कहा कि बॉक्सिंग जैसा खेल युवाओं में आत्मबल और निडरता का संचार करता है। एसीपी दिनेश ने कहा कि हरियाणा खेलों की भूमि है और यहां के खिलाड़ी न केवल देश बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना चुके हैं। ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देते हैं और उनमें अनुशासन व आत्मविश्वास का विकास करते हैं।

## चौथी यूथ पुरुष व महिला हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग प्रतियोगिता में छाए खिलाड़ी





## यूथ पुरुष : सुमित ने शुभम को हराया

▶▶| 47-50 किलोग्राम भारवर्ग में विनीत कुमार साई एच ने फरीदाबाद के उत्कर्ष सैनी को हराया। सोभित कुमार अंबाला ने सोनीपत के मानशु को, दीपांशु चरखी दादरी ने पंचकूला के लकी को और सुमित रोहतक बी ने झज्जर के शुभम को मात दी। विशाल पलवल ने गुरुग्राम के यशबीर को, आदित्य यमुनानगर ने पानीपत के अरुण को और अंकुश कुरुक्षेत्र ने भिवानी के आकाश को पराजित किया।

▶▶| 50-55 किलोग्राम भारवर्ग में शुभम पानीपत ने सिरसा के बलविंदर को, कृष्णा पंचकूला ने मेवात के राजीव को और आशीष साई रोहतक ने महेंद्रगढ़ के प्रियांशु को हराया। अभिनव जींद ने हिसार के अंकुश को, कार्तिक कैथल ने कुरुक्षेत्र के हर्षित को, अजय कुमार सोनीपत ने यमुनानगर के कुणाल को और जतिन रेवाड़ी ने अंबाला के वंश को शिकस्त दी। कुलजीत भिवानी ने फतेहाबाद के कुणाल को, मयंक चरखी दादरी ने करनाल के अक्षय कुमार को और तनीष फरीदाबाद ने गुरुग्राम के जीशान को हराया।

▶▶| 55-60 किलोग्राम भारवर्ग मेंकृष्णा कुरुक्षेत्र ने महेंद्रगढ़ के अखिल को, बादल सिंह फतेहाबाद ने रोहतक बी के भेदित मोर को और मयंक नरवाल करनाल ने मेवात के प्रतीक को मात दी। जय पानीपत ने यमुनानगर के प्रियांशु को, कर्ण मलिक सोनीपत ने रोहतक के प्रिंस कुमार को और साहिल मोर साई, हिसार ने चरखी दादरी के मोहित को हराया। सेवांशु झज्जर ने कैथल के जशन को, मोहित गुरुग्राम ने जींद के जतिन को और ध्रुव रेवाड़ी ने अंबाला के वरुण को पराजित किया।

▶▶| 60-65 किलोग्राम भारवर्ग में प्रीत सिद्धू फरीदाबाद ने अंबाला के रोहित राणा को, प्रिंस गुरुग्राम ने कुरुक्षेत्र के सावन को और कुश रोहतक बी ने पलवल के कुणाल को हराया। विशेष झज्जर ने यमुनानगर के अभिनव को, ध्रुव सोनीपत ने महेंद्रगढ़ के मयंक को मात दी। 65-70 किलोग्राम भारवर्ग में हिमांशु अंबाला ने फतेहाबाद के कोशल को और वरुण शर्मा फरीदाबाद ने पलवल के प्रिंस को मात दी।

▶▶| 70-75 किलोग्राम भारवर्ग में रोहित पलवल ने अंबाला के विनायक को और कुणाल गुरुग्राम ने रेवाड़ी के ओम प्रकाश को हराया।

## यूथ महिला नेहा ने नैन्सी को हराया

▶▶| 45-48 किलोग्राम भारवर्ग में नेहा महेंद्रगढ़ ने यमुनानगर की नैन्सी को और साक्षी सोनीपत ने सिरसा की अनु को हराया। अंकिता झज्जर ने फरीदाबाद की दिव्यांशी को, अंशुल कुरुक्षेत्र ने फतेहाबाद की ज्योति को, निष्ठा तंवर कैथल ने पानीपत की कृतिका को, वंशिका रोहतक ने मेवात की पायल को और निधि भिवानी ने चरखी दादरी की तमन्ना कुमारी को हराया।

▶▶| 48-51 किलोग्राम भारवर्ग में वर्ग में गरिमा हिसार ने रेवाड़ी की एतिका को, कृतिका मेवात ने चरखी दादरी की निशा को, स्नेहा कुरुक्षेत्र ने रोहतक बी की रमनजोत को, निशु करनाल ने पानीपत की पायल को, अंजलि साई हिसार ने यमुनानगर की काफी को और सिमरन रोहतक ने सिरसा की प्रियंका को पराजित किया।

▶▶| 51-54 किलोग्राम भारवर्ग में वर्ग में जैस्मिन अंबाला ने झज्जर की दीक्षा को, महक रोहतक बी ने चरखी दादरी की शिखा को, निशु रोहतक ने सोनीपत की ज्ञानवी को, महक कुरुक्षेत्र ने पानीपत की तनीषा को मात दी।

▶▶| 57-60 किलोग्राम भारवर्ग में वर्ग में कंचन गुरुग्राम ने पलवल की परी कुंतल को, चाहत फरीदाबाद ने पंचकूला की सिद्धि जैन को और मनप्रीत फतेहाबाद ने रोहतक की श्रुति को हराया।

▶▶| 60-65 किलोग्राम भारवर्ग में वर्ग में वंशिका यादव हिसार ने पानीपत की तमन्ना को पराजित किया।

## खबर संक्षेप

### भारत को थॉमस और उबेर कप में मिले मुश्किल ड्रॉ

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष और महिला टीम को क्रमशः थॉमस और उबेर कप के लिए मुश्किल ड्रॉ मिले हैं क्योंकि उन्हें मौजूदा चैंपियन चीन के साथ एक ही ग्रुप में रखा गया है। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने ड्रॉ की घोषणा की। थॉमस कप का 34वां और उबेर कप का 31वां सत्र 24 अप्रैल से तीन मई तक डेनमार्क के हॉर्सेंस में आयोजित किया जाएगा। वर्ष 2022 में अपना पहला खिताब जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय पुरुष टीम को चीन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के साथ ग्रुप 'ए' में रखा गया है। भारत पिछले टूर्नामेंट (2024) के क्वार्टर फाइनल में चीन से हार गया था जो बाद में विजेता बना था।

### अंतरराष्ट्रीय वुशु चैंपियनशिप में दुर्गेश्वर ने जीता रजत

**नई दिल्ली।** भारत के दुर्गेश्वर सिंह ने यूनान के एथेंस में आयोजित छठी एक्रोपोलिस अंतरराष्ट्रीय वुशु चैंपियनशिप में रजत पदक जीता। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के कांस्टेबल सिंह ने 90 किग्रा वर्ग में अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धियों के खिलाफ असाधारण कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया।

### शीर्ष-10 का सफर अधिक मुश्किल : अनाहत

**मुंबई।** विश्व स्क्वाश रैंकिंग के शीर्ष-20 में जगह बनाने वाली सबसे कम उम्र की एशियाई खिलाड़ी बनने के बाद 17 साल की अनाहत सिंह जानती हैं कि शीर्ष -10 में जगह बनाना कहीं अधिक मुश्किल होगा क्योंकि उन्हें शीर्ष स्तर पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दीपिका पल्लीकल और जोशना चिनप्पा पीएसए रैंकिंग में 10वें स्थान तक पहुंची थीं लेकिन उससे आगे नहीं बढ़ पाईं। विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर मौजूद अनाहत कम उम्र और खास प्रतिभा के दम पर वह कर सकती हैं, जो आज तक किसी भारतीय ने नहीं किया। अनाहत ने कहा, 'मुझे पता है कि यह काफी मुश्किल होने वाला है। शीर्ष-20 में जगह बनाना उतना मुश्किल नहीं था, जितना शीर्ष-10 में जगह बनाना होगा क्योंकि अब जब आप इतने ऊंचे स्तर पर होते हैं तो एक भी पायदान ऊपर चढ़ना काफी मुश्किल होता है।'

### भारतीय पुरुष टीम वेल्स के खिलाफ विश्व कप की शुरुआत करेगी

**लुसाने (स्विट्जरलैंड)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम 15 अगस्त को नीदरलैंड्स के एम्स्टेलवीन में होने वाले एफआईएच विश्व कप के अपने पहले मैच में वेल्स का सामना करेगी। वेल्स के बाद भारत 17 अगस्त को इंग्लैंड से भिड़ेगा। उसके बाद 19 अगस्त को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला होगा। इस साल 15 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड्स और बेल्जियम में एफआईएच पुरुष और महिला विश्व कप दोनों एक साथ आयोजित किए जाएंगे।

**आईपीएल 2026:** कमिंस की अनुपलब्धता के कारण किशन को मिली जिम्मेदारी

# इशान को मिली सनराइजर्स की कमान चोटिल कमिंस शुरुआती मैचों से बाहर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 की शुरुआत 10 दिन में होनी है। इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने शुरुआत कुछ मैचों के लिए इशान किशन को कप्तान बनाने का फैसला किया है। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी पैट कमिंस की अनुपलब्धता के कारण इशान को यह जिम्मेदारी मिली है, जबकि अभिषेक शर्मा को उप-कप्तान बनाया गया है। कमिंस चोट से उबर रहे हैं।

### चोट से उबर रहे कमिंस

सनराइजर्स हैदराबाद ने कमिंस की अनुप्लब्धता में इशान को कप्तान बनाने का ऐलान करते हुए कहा, 'पैट कमिंस चोट से ठीक होने के दौरान कुछ मैच नहीं खेल पाएंगे। जब तक वह उबर नहीं हो जाते, इशान किशन कप्तान और अभिषेक शर्मा उप-कप्तान होंगे।' आईपीएल 2028 की शुरुआत 28 मार्च से होगी। पहले ही मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा।



### चिन्नास्वामी में होगा इशान की कप्तानी का डेब्यू

इशान किशन का आईपीएल में कप्तानी का डेब्यू बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। इशान कितने मैचों में कप्तानी करेंगे यह अभी साफ नहीं है। सनराइजर्स हैदराबाद ने यह जानकारी नहीं दी है कि पैट कमिंस कितने मैचों तक अनुपलब्ध रहेंगे। इशान किशन को पिछले साल मेगा ऑक्शन में सनराइजर्स हैदराबाद ने 11.25 करोड़ रुपए में खरीदा था। उन्होंने नंबर-3 पर बल्लेबाजी की थी और पहले ही मैच में शतक जड़ा था। हालांकि, इसके बाद उनका बल्ला नहीं चला। उन्होंने सीजन में एक शतक और एक अर्धशतक की मदद से 354 रन बनाए। उनका औसत 35.40 और स्ट्राइक रेट 152.59 का रहा था।

### इशान की भारतीय टीम में वापसी

इशान किशन के लिए बीते कुछ महीने शानदार रहे हैं। इशान ने दिसंबर में अपनी कप्तानी में झारखंड को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब दिलाया था। इशान ने फाइनल में शतक जड़ा था। इसके बाद उनकी भारत की टी20 टीम में वापसी हुई। वह टी20 वर्ल्ड कप भी खेले और शानदार प्रदर्शन किया।

### दूसरी ही सीजन में मिली कप्तानी

आईपीएल 2026 ईशान किशन का सनराइजर्स हैदराबाद के साथ दूसरा सीजन होगा। इसके बावजूद फ्रेंचाइजी ने उन्हें नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंप दी है। इसके पीछे उनकी हालिया कप्तानी सफलता को भी बड़ी वजह माना जा रहा है। किशन ने घरेलू टी20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में झारखंड टीम की कप्तानी करते हुए पिछले सीजन टीम को खिताब जिताया था।

### जुलाई 2025 से कमिंस मैदान से बाहर

ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस की बात करें तो वे पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कारण क्रिकेट के मैदान से दूर चल रहे हैं। जुलाई 2025 से कमिंस इंजर्ड हैं और उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए घरेलू एशेज टेस्ट सीरीज़ के दौरान सिर्फ तीसरा टेस्ट मैच खेला था। दिसंबर के बाद वे फिर बाहर हो गए और तब से रिकवरी कर रहे हैं। फिलहाल वे ऑस्ट्रेलिया में रिहैब कर रहे हैं और आईपीएल 2026 के शुरुआती चरण को मिस कर सकते हैं।

क्रिकेट

# पंजाब किंग्स टीम को लेट ज्वाइन करेंगे यानसेन



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने आईपीएल के लिए मार्को यानसेन के देर से आने को स्वीकृति दे दी है।

उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि यह दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर उन खिलाड़ियों के आखिरी समूह में शामिल था, जो टी20 विश्व कप के बाद 'लॉजिस्टिक्स' से जुड़ी दिक्कतों के कारण भारत से देर से रवाना हुए थे। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाड़ी विश्व कप में अपना सफर खत्म होने के बाद एक हफ्ते से अधिक समय तक भारत में ही फंसे रहे थे। वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी और दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेविड मिलर सहित कुछ खिलाड़ियों ने भारत से रवाना होने में हुई देरी पर नाराजगी भी जाहिर की थी। यह देरी पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण दुबई और अबु धाबी जैसे बड़े हवाई अड्डों पर सीमित उड़ानों की वजह से हुई थी।

### यानसेन 26 मार्च को टीम के साथ जुड़ेंगे

पंजाब किंग्स टीम के अहम सदस्य यानसेन 26 मार्च को टीम के साथ जुड़ेंगे। पोंटिंग और अधिकतर विदेशी खिलाड़ी 21 मार्च को टीम के साथ जुड़ने वाले हैं। अफगानिस्तान के ऑलराउंडर अजमतुल्लाह उमरजई 23 मार्च को काबुल से टीम के साथ जुड़ेंगे। उनका देश इस समय पाकिस्तान के साथ संघर्ष में उलझा हुआ है। पंजाब किंग्स के साथ अपने पहले ही साल में पोंटिंग और कप्तान श्रेयस अय्यर की जोड़ी ने पिछले सत्र में टीम को फाइनल तक पहुंचाया था। यह 2014 के बाद टीम का पहला फाइनल था। एक सूत्र ने बताया, ' रिकी अपने खिलाड़ियों का पूरा साथ देते हैं। यह देखते हुए कि मार्को भारत से देर से रवाना हुए थे, वह इस बात को समझते हैं कि उन्हें घर पर कुछ समय बिताने का पूरा मौका मिलना चाहिए।' इस लंबे कद के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने पिछले सत्र में 9.20 की इकोनॉमी रेट से 16 विकेट लिए थे। अय्यर के 19 मार्च को टीम के साथ जुड़ने की उम्मीद है।

आईसीसी रैंकिंग

# भारतीयों का जलवा, संजू-तिलक को फायदा, अभिषेक नंबर वन



एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी की ओर से विश्व कप खत्म होने के बाद दूसरे हफ्ते भी रैंकिंग अपडेट कर दी गई हैं। ताजा रैंकिंग में भी भारतीय बल्लेबाजों का जलवा रहा है। वहीं गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ने कमाल दिखाया है। अभिषेक शर्मा नंबर 1 पर बरकरार हैं और इशान किशन भी दूसरे नंबर पर हैं। साथ ही तिलक वर्मा और संजू सैमसन को एक-एक स्थान का फायदा हो गया है। गेंदबाजी में वरुण चक्रवर्ती दूसरे पर ही हैं।

वनडे टीम रैंकिंग में बांग्लादेश अब 10वें से 9वें स्थान पर आ गई है। अगर टी20 के नंबर 1 गेंदबाज की बात करें तो राशिद खान नंबर 1 पर काबिज हैं। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले जसप्रीत बुमराह नंबर 6 से नंबर 5 पर आ गए हैं। वहीं बल्लेबाजी में तिलक वर्मा अब 7वें से छठे और संजू सैमसन 22वें से 21वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### ऑलराउंडर्स में सिकंदर रजा टॉप पर



टॉप 10 गेंदबाजों में वरुण और बुमराह ही सिर्फ भारत की तरफ से मौजूद हैं। वहीं टॉप 10 बल्लेबाजों में अभिषेक, इशान, तिलक वर्मा और कप्तान सूर्यकुमार यादव हैं। इसके अलावा टॉप 10 ऑलराउंडर्स में जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा टॉप पर हैं। भारत के एकमात्र हार्दिक पंड्या टॉप 10 में मौजूद हैं और दूसरे स्थान पर हैं।

### टीम रैंकिंग में भारत नंबर 1 पर काबिज

टीम रैंकिंग में भारत वनडे और टी20 में नंबर 1 पर काबिज है। पाकिस्तान को सीरीज हराकर बांग्लादेश अब वनडे टीम रैंकिंग में 10वें से 9वें स्थान पर पहुंची। जबकि पाकिस्तान चौथे पर ही मौजूद है। वेस्टइंडीज अब वनडे में 10वें नंबर की टीम बन गई है। इसके बाद आगामी वनडे वर्ल्ड कप 2027 के क्वालिफिकेशन के लिहाज से भी विंडीज की चिंता बढ़ गई है

# वाडा ने ट्रंप पर संभावित प्रतिबंध पर फैसला विश्व कप के बाद तक टाला

**मांट्रियल (कनाडा)।** विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और सरकारी अधिकारियों को प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से रोकने के फैसले को इस साल होने वाले विश्व कप के बाद तक टाल दिया है। इससे ट्रंप और अन्य अधिकारियों के साथ संभावित टकराव कम से कम विश्व कप तक टल गया है। वाडा एक ऐसा नियम लागू करने पर विचार कर रही है जो ट्रंप और सभी अमेरिकी सरकारी अधिकारियों को प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से रोक सकता है, भले ही उनका आयोजन अमेरिकी धरती पर ही क्यों न हो। इस नियम का मूल आधार अमेरिकी सरकार का वाडा के वार्षिक शुल्क का भुगतान नहीं करना है। वाडा की कार्यकारी समिति की बैठक हुई और उसने कहा कि वह सितंबर में इस नए नियम पर विचार करेगी और यह विश्व कप खत्म होने के दो महीने बाद होगा। अमेरिका विश्व कप की मेजबानी कनाडा और मेक्सिको के साथ मिलकर कर रहा है। अगर इस साल के आखिर में ऐसा कोई नियम अपनाया जाता है तो यह संभवतः 2028 में होने वाले लॉस एंजिल्स ओलंपिक से पहले लागू हो जाएगा। अगर यह सिलसिला जारी रहता है तो नया नियम ट्रंप और अमेरिकी सांसदों को उनके अपने ही देश में होने वाले खेलों के लिए प्रतिबंध की सूची में डाल सकता है। अमेरिका में अगले कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होना है। इनमें इस साल होने वाला फुटबॉल विश्व कप, 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेल और 2034 में यूटा में होने वाले शीतकालीन खेल भी शामिल हैं।

# हंपी असमंजस में, कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भागीदारी पर सस्पेंस



**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरु हंपी इस महीने साइप्रस में होने वाले प्रतिष्ठित कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में हिस्सा लेने को लेकर अब भी असमंजस की स्थिति में हैं और उन्होंने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच मेजबान देश में सुरक्षा की स्थिति को लेकर अपनी चिंताओं को फिर से दोहराया है। विश्व चैंपियनशिप के खिताबों के लिए चुनौती पेश करने वाले खिलाड़ियों का फैसला करने वाला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट 28 मार्च से शुरू होना है। पुरुष वर्ग का खिताब भारत के गुकेश जबकि महिला वर्ग का खिताब चीन की जू वेनजुन के पास है। हंपी ने 'एक्स' पर लिखा, 'मुझे पता है कि मैं अकेले शायद कुछ भी नहीं बदल सकती। लेकिन चाहे मैं कैंडिडेट्स में खेलूं या नहीं खेलूं, मुझे लगता कि जो मैं महसूस करती हूं उसे जाहिर करना जरूरी है।' उन्होंने कहा, 'मैं उन सभी की शुक्रगुजार हूं, जिन्होंने अपना समर्थन दिया है। जो लोग इस स्थिति की संवेदनशीलता को नहीं समझ सकते मैं उनके लिए बात यहीं छोड़ देती हूं।'

ओरलियंस मास्टर्स सुपर बैडमिंटन टूर्नामेंट

# श्रीकांत बाहर, खरब और तन्वी अगले दौर में पहुंचे

**ओरलियंस (फ्रांस) (भाषा)।** भारत के किदांबी श्रीकांत बुधवार को यहां ओरलियंस मास्टर्स सुपर बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल वर्ग के पहले दौर में हारकर बाहर हो गए जबकि अनमोल खरब और तन्वी शर्मा महिला एकल वर्ग में राउंड 16 में पहुंच गईं। पूर्व विश्व नंबर एक श्रीकांत डेनमार्क के मैग्नस जोहानसेन से 12-21, 10-21 से पराजित हो गए जबकि खरब ने तुर्की की नेस्लिहान अरिन के खिलाफ 21-12, 21-16 से शानदार जीत दर्ज की।

तन्वी भी अगले दौर में पहुंच गईं। थाईलैंड की सुपानिडा काटेथोंग ने चोट के कारण 21-18, 14-12 के स्कोर पर मैच से हटने का फैसला किया। दूसरी ओर रक्षिता रामराज जापान की मनामी सुइजू के खिलाफ पहले दौर में 9-21, 15-21 से हार गईं।

महिला एशियाई कप : खिताब के लिए भिड़ेंगे ऑस्ट्रेलिया और जापान

# जापान ने दक्षिण कोरिया को हराया, फाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| सिडनी

जापान की महिला फुटबॉल टीम ने दक्षिण कोरिया पर 4-1 की जीत से महिला एशियाई कप के फाइनल में जगह बनाई, जिसमें उसका सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। सेमीफाइनल में जापान का दबदबा रहा, जिसमें रिको उएकी और माइका हमानो ने पहले हाफ में गोल करके बढ़त दिलाई।

पहले हाफ में आओबा फुजिनो के 43वें मिनट में गोल को वीएआर समीक्षा के बाद अमान्य घोषित कर दिया गया। वरना पहले हाफ का स्कोर 3-0 हो सकता था। 75वें मिनट में अनुभवी डिफेंडर साकी कुमागाई ने मोमोको तानिकावा की कॉर्नर किक पर हेडर से टीम का तीसरा गोल किया।



### 21 मार्च को सिडनी में फाइनल मुकाबला

फीफा रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज एशिया की शीर्ष टीम जापान के इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप में गोलों की संख्या 27 हो गई है। वहीं जापान की टीम ने इस टूर्नामेंट में पहली बार कोई गोल खाया जब 78वें मिनट में कांग चे-रिम ने बेहद करीब से जोरदार शॉट लगाते हुए गोल कर दिया। फिर जापान के लिए रेमिना चिबा ने 81वें मिनट में एक जोरदार शॉट लगाकर स्कोर 4-1 कर दिया। अब फाइनल मुकाबला शनिवार को सिडनी में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल में गत चैंपियन चीन को 2-1 से हराया था।







# इजराइली रक्षा मंत्री का दावा: आईडीएफ हमले में मारे गए ईरान के खुफिया मंत्री इस्माइल खतिब

*काट्ज ने कहा कि उन्होंने और पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने आईडीएफ को किसी भी शीर्ष ईरानी अधिकारी को मार गिराने का अधिकार दे दिया है, जिसके लिए अब किसी अतिरिक्त मंजूरी की जरूरत नहीं होगी*

1. रोज के हमलों से ईरान की सैन्य क्षमता लगातार कमजोर कर रहे
2. लेबनान में हिज्बुल्लाह के खिलाफ लड़ाई और तेज करेगा इजराइल


इस्माइल खतिब

**रक्षा मंत्री काट्ज ने कहा कि एक और 'बड़े सरप्राइज' मिलने की उम्मीद**

**ट्रंप बोले- ईरानी राज्य के बचे-खुचे हिस्से को समाप्त कर देंगे**

**खास बातें**

- रूस ने लारिजानी की हत्या की निंदा की
- ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमला
- लेबनान में इजराइली हमले में 12 लोगों की मौत
- इजराइली हमले में ईरान में 7 लोगों की मौत
- 130 ईरानी मिसाइलें और 234 ड्रोन मार गिराए : बहरीन

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव/ तेहरान


इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने एक बयान जारी कर दावा किया है कि ईरान के एक और शीर्ष नेता की हवाई हमले में मौत हो गई है। उनके अनुसार, मंगलवार रात हुए हमले में खुफिया मंत्री इस्माइल खतिब मारे गए। हालांकि, ईरान ने अब तक इसकी पुष्टि नहीं की है। काट्ज ने कहा है कि एक और 'बड़े सरप्राइज' मिलने की उम्मीद है। ईरान और लेबनान में हिज्बुल्लाह के खिलाफ हमारी लड़ाई और तेज हो जाएगी। उन्होंने और पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने आईडीएफ को किसी भी शीर्ष ईरानी अधिकारी को (मार गिराने) का अधिकार दे दिया है, जिसके लिए अब किसी अतिरिक्त मंजूरी की जरूरत नहीं होगी। बता दें, एक दिन पहले ही इजराइल ने ईरान के सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी और बसीज कमांडर गुलामरेजा सुल्तानी को निशाना बनाया था।


ईरान द्वारा इजराइल के रमत गन में किए हमले में क्षतिग्रस्त घर

## आगे बढ़ते रहेंगे...

*इजराइल ने कहा है कि वह ईरान की सैन्य क्षमता को लगातार कमजोर कर रहा है और आगे भी कार्रवाई जारी रखेगा। इजराइली सेना के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता नदव शोशानी ने कहा कि ईरान अपनी पूरी ताकत झोंक रहा है, लेकिन इजराइल यह सुनिश्चित कर रहा है कि उसकी क्षमता सीमित हो जाए। उन्होंने कहा कि हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि ईरान जो कर सकता है, वह बहुत ज्यादा न हो और हम उसकी क्षमताओं को अधिकतम हद तक खत्म करने के लिए आगे बढ़ते रहेंगे।*

## ईरान दुनिया का नंबर-1 राज्य प्रायोजित आतंकी



ईरान से युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बेहद चौंकाने वाला बयान सामने आया है। ट्रंप ने कहा कि मैं सोच रहा हूं कि अगर हम आतंकी ईरानी राज्य के बचे-खुचे हिस्से को समाप्त कर दें और उस तथाकथित स्टेट की जिम्मेदारी उन देशों को सौंप दें जो इसका इस्तेमाल करते हैं (हम नहीं करते) तो क्या होगा? इससे हमारे कुछ गैर-प्रतिक्रियाशील सहयोगियों को तेजी से सक्रिय हो जाना पड़ेगा। ट्रंप ने कहा कि याद रखो, उन सभी बेवकूफों के लिए जो बाहर बैठे हैं- ईरान को हर कोई दुनिया का नंबर वन राज्य प्रायोजित आतंकवादी मानता है। हम तेजी से उन्हें कारोबार से बाहर कर रहे हैं!

## पाकिस्तान अमेरिका के लिए सबसे बड़ा परमाणु खतरा



*वॉशिंगटन: अमेरिका की नेशनल इंटेलिजेंस डायरेक्टर (डीएनआई) तुलसी गबार्ड ने पाकिस्तान समेत चार देशों को देश के लिए सबसे बड़ा परमाणु खतरा बताया है। उन्होंने आगे कहा कि उत्तर कोरिया, रूस और चीन के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने में सक्रिय रूप से जुटा हुआ है। उनका बयान तब आया है, जब अमेरिका के ईरान के हमले के विरोध में एक शीर्ष काउंटरटेररिज्म अधिकारी जो कैंट ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि अमेरिका को ईरान से तुरंत कोई सुरक्षा का खतरा नहीं था। इसके बाद से ही तुलसी गबार्ड ट्रंप के फैसले का बचाव कर रही हैं। उन्होंने दावा किया कि ईरान पर अमेरिका के हमले का फैसला खुफिया जानकारी के आकलन पर आधारित था। तुलसी गबार्ड ने चेतावनी देते हुए कहा है कि रूस, चीन, उत्तर कोरिया और पाकिस्तान इस समय अमेरिका के लिए सबसे बड़े परमाणु खतरे हैं। अमेरिका पर हमला करने में सक्षम मिसाइलों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है।*

## 2.6 लाख भारतीयों की सुरक्षित वतन वापसी

*सरकार ने बताया कि 28 फरवरी से अब तक करीब 2.6 लाख यात्री उस क्षेत्र से भारत लौट चुके हैं। हालात को देखते हुए विदेश मंत्रालय लगातार निगरानी कर रहा है और लोगों को सुरक्षित निकालने की प्रक्रिया जारी है। सरकार ने साफ किया है कि फ्लाइट सेवाएं धीरे-धीरे सामान्य हो रही हैं और स्थिति पहले से बेहतर है। यूएई से भारत के लिए बड़ी संख्या में उड़ानें संचालित हो रही हैं। साथ ही भारतीय दूतावास जरूरतमंद लोगों, खासकर छात्रों की मदद कर रहा है और उन्हें सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने का काम कर रहा है।*

## युद्ध रोकने के लिए अमेरिका को देना होगा हर्जाना: अराघची



शीर्ष नेताओं की मौत पर प्रतिक्रिया देते हुए ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा कि किसी एक नेता के जाने से ईरान की राजनीतिक, सैन्य और आर्थिक संरचना पर कोई असर नहीं पड़ेगा और देश अपनी नीतियों व रणनीतियों के साथ आगे बढ़ता रहेगा। इस पूरे संघर्ष के लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराते हुए उन्होंने कहा कि वॉशिंगटन को इसके मानवीय और आर्थिक नुकसान की जवाबदेही लेनी होगी। मौजूदा युद्ध तभी समाप्त हो सकता है जब ईरान को हुए नुकसान की भरपाई की जाए और उसकी संप्रभुता का सम्मान किया जाए।

### संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा का बड़ा बयान

# तनाव का ईंधन आपूर्ति पर असर नहीं रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनीतिक संकट के बीच भारत सरकार ने घरेलू ऊर्जा सुरक्षा और नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए बहुआयामी रणनीति लागू की है। सरकार ने बताया कि एक ओर ईरान से भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाला जा रहा है, वहीं दूसरी ओर घरेलू मोर्चे पर ईंधन आपूर्ति श्रृंखला पूरी तरह से सामान्य है और देश की रिफाइनरियां अपनी अधिकतम क्षमता पर काम कर रही हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने साफ किया है कि मौजूदा वैश्विक तनाव का भारत की



ईंधन आपूर्ति पर कोई असर नहीं पड़ा है।

### पड़ोसी देशों ने भारत से मांगी मदद

भारत, बांग्लादेश और अन्य पड़ोसी देशों के अनुरोधों पर विचार करने से पहले अपनी घरेलू ईंधन मांग को पूरा करने को प्राथमिकता देगा। सुजाता शर्मा ने स्पष्ट किया कि देश की आंतरिक जरूरतों को पूरा करना सबसे पहली प्राथमिकता है।

### पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति पर चर्चा

# पीएम मोदी ने कुवैत के क्राउन प्रिंस से की बात, ईद की दी शुभकामनाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कुवैत के साथ उच्चस्तरीय कूटनीतिक संवाद को आगे बढ़ाते हुए वहां के क्राउन प्रिंस, शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह से फोन पर बात की और ईद के आने वाले त्योहार पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा बातचीत में पीएम मोदी ने क्राउन प्रिंस से क्षेत्रीय शांति और समुद्री सुरक्षा पर भी बातचीत की। पीएम ने खुद इस बातचीत का जानकारी ट्वीट कर दी है।

उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि कुवैत के क्राउन प्रिंस, शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-


कुवैत के क्राउन प्रिंस और पीएम मोदी फाइल फोटो

सबाह से बात की और ईद के आने वाले त्योहार पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। हमने पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया और हाल के घटनाक्रमों पर अपनी चिंताएँ साझा कीं। पीएम मोदी ने कहा कि कुवैत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमलों की भारत द्वारा की गई निंदा को हमने फिर से दोहराया। होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है।




### रक्षा क्षेत्र में भारत की बड़ी छलांग

# पोखरण में पहली बार निजी कंपनी ने की पिनाका रॉकेट की सफल टेस्टिंग

एजेंसी ▶▶ पोखरण

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की तरफ देश ने एक और बड़ा कदम बढ़ाया है। राजस्थान के पोखरण में सोलर ग्रुप ने पिनाका एक्सटेंडेड रेंज रॉकेट्स का सफल परीक्षण करके रक्षा क्षेत्र में नया इतिहास रचा है। कंपनी ने पहली बार पिनाका एक्सटेंडेड रेंज रॉकेट के दो उत्पादन बैचों का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। यह महत्वपूर्ण परीक्षण राजस्थान की पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में किया गया। सोलर ग्रुप ने बताया कि इस दौरान कुल 24 पिनाका एनहैंस्ड रॉकेट्स का परीक्षण किया गया।


पिनाका एक्सटेंडेड रेंज रॉकेट का सफल परीक्षण

## नेक्स्ट जेनरेशन पोत निर्माण शुरू

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के लिए नेक्स्ट जेनरेशन ऑफशोर पेट्रोल वेसल्स (ओपीवी) के निर्माण का समारोह आयोजित किया गया। यह समारोह रत्नागिरी स्थित मेसर्स वाईएमपीएल में आयोजित किया गया, जहां ओपीवी श्रृंखला के दूसरे और तीसरे पोत (यार्ड 16402 और 16403) के निर्माण की औपचारिक शुरुआत हुई।

## उड़ते ही बज उठा विमान में खतरे का अलार्म इमरजेंसी लैंडिंग कराई

**भोपाल।** यहां के राजा भोज एयरपोर्ट से रात 7.50 बजे दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 2760 में मंगलवार को तकनीकी खराबी आ गई। टेकऑफ होते ही खतरे का अलार्म बजा तो इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। विमान को रनवे से वापस टर्मिनल लाया गया। फ्लाइट में 70 यात्रियों के साथ राज्यपाल मंगुभाई पटेल भी थे। अंततः फ्लाइट रात 10.15 बजे रवाना हो सकी। बताया गया है कि टेकऑफ के चंद पलों में तकनीकी खराबी का अलार्म बजा। यह केबिन में एयर प्रेशर कम होने की वजह से हुआ। पायलट ने तत्काल एटीसी को इमरजेंसी मैसेज भेजा और फिर विमान की लैंडिंग कराई गई। यात्रियों को टर्मिनल में रेस्ट करने की सलाह दी गई। खराबी ठीक होने के बाद विमान ने रात करीब 10.15 बजे फिर उड़ान भरी।

## आठ साल की बच्ची को मां ने चलती ट्रेन के सामने धकेला

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पर मंगलवार देर रात एक मां का दिल दहला देने वाला कृत्य सामने आया है। मां ने प्लेटफार्म 1 पर खेल रही अपनी 8 साल की बच्ची युविता को सामने से गुजर रही ट्रेन तमिलनाडु एक्सप्रेस के सामने धकेल दिया। बच्ची ट्रेन के इंजन से टकराकर नीचे गिर गई, जिससे उसे शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटे आई हैं। जीआरपी और अन्य यात्रियों ने तत्काल बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसे देर रात भोपाल रेफर कर दिया गया। बच्ची की हालत नाजुक बनी हुई है। जीआरपी इटारसी टीआई संजय चौकसे ने बताया कि बच्ची के सिर, कमर और कंधे पर गंभीर चोटें आई हैं। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। बच्ची युविता राजपूत उसकी मां अंजू सिंह राजपूत के साथ स्टेशन आई थी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28